NNI हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष :05, अंक :-139, पृष्ठ : 12 | मंगलवार, 25 नवंबर, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

# राम मंदिर पर लहराया धर्म ध्वज

## जय श्री राम के जयकारों से पूरा परिसर, पीएम बोले- आज संकल्प को सिद्धि मिली

**अयोध्या।** अभिजीत मुहूर्त के शुभ समय में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के शिखर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवा ध्वज फहराया। इस दौरान जय श्री राम के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा। इससे पहले पीएम ने सरसंघचालक के साथ मिलकर सभी मंदिरों में दर्शन-पूजा की।

सियावर रामचंद्र के जयघोष के साथ पीएम मोदी ने अपना संबोधन शुरू किया। आज संपूर्ण भारत, संपूर्ण विश्व राममय है। सदियों के घाव भर रहे हैं। सदियो की वेदना आज विराम पा रही है। सदियों का संकल्प आज सिद्धि को प्राप्त हो रही है। आज धर्म ध्वजा की मंदिर में स्थापना हुई है। इसका भगवा रंग, सूर्य का चिन्ह, कोविदार वृक्ष राम राज्य की कीर्ति को गाता है। सत्य में ही ध्वज स्थापित है। ये धर्म ध्वज प्रेरणा बनेगा। प्राण जाए पर वचन न जाए, अर्थात जो कहा जाए, वही किया जाए।



इस मौके पर सर संघचालक मोहन भागवत ने कहा कि आज हम सबके लिए सार्थकता का दिन है। इसके लिए जितने लोगों ने प्राण न्योछावर किए, उनकी आत्मा तृप्त हुई होगी। अशोक जी को वहां पर शांति मिली होगी। आज मंदिर का ध्वजारोहण हो गया।

> राम मंदिर के शिखर पर फराया जाने वाला ध्वज 10 फीट ऊंचा और 20 फीट लंबा, समकोण त्रिभुजाकार है। इस पर एक उज्ज्वल सूर्य की छवि है, जो भगवान श्री राम की प्रतिभा और वीरता का प्रतीक है, साथ ही कोविदारा वृक्ष की छवि के साथ इस पर 'ओम' अंकित है।

राम राज्य का ध्वज जो कभी अयोध्या में फहराता था, आज वह फहरा गया है। इस भगवा ध्वज पर रघुकुल का प्रतीक कोविदार वृक्ष है। यह वृक्ष रघुकुल की सत्ता का प्रतीक है। यह वह वृक्ष है जिसके लिए कहा जाता है, कि वृक्ष सबके लिए छाया देते हैं, स्वंय धूप में खड़े रहकर, फल भी दूसरों के लिए देते हैं। जाते जितनी कठिनाईयां हों, सूर्य भगवान उस संकल्प का प्रतीक है। इसमें सिर्फ एक ही पहिया है। जैसे सपना उन लोगों ने देखा था, बिल्कुल वैसा ही या यूं कहें कि उससे भी भव्य मंदिर बन गया है।

इस मौके पर सीएम योगी अदित्यनाथ के संबोधन में एक नई उर्जा दिखाई दी। उन्होंने कहा कि मंदिर के शिखर फहरा रहा यह केसरिया ध्वज नए भारत का प्रतीक है। 500 वर्षों में समय बदला, नेतृत्व बदला, लेकिन आस्था न झुकी, न रुकी। जब आरएसएस के हाथ में कमान आई तो सिर्फ एक ही आवाज गूंजती रही। रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे।



## उत्तर भारत में बढ़ने लगी सर्दी, कश्मीर में माइनस 5 डिग्री पहुंचा तापमान

**जम्मू।** केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में रविवार की रात इस सीजन की सबसे सर्द रात रही और पारा शून्य से 3.2 डिग्री नीचे दर्ज किया गया। कश्मीर घाटी में शोपियां माइनस 5.1 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ सबसे ठंड रहा।

## कर्नाटक में 10 सरकारी अधिकारियों के यहां रेड


**बंगुलुरु।** कर्नाटक में लोकायुक्त के कर्मियों ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में मंगलवार को सुबह-सुबह 10 सरकारी अधिकारियों से जुड़े परिसरों पर एक साथ छापेमारी की है। जानकारी के मुताबिक, लोकायुक्त के कर्मियों ने छापेमारी के दौरान करोड़ों की संपत्ति के दस्तावेज, सोने के गहने और नकदी बरामद की है। इस बरामदगी की तस्वीरें भी सामने आई हैं जिसे देखकर हर कोई हैरान है। कर्नाटक के मैसूर में लोकायुक्त का छापेमारी हुई है। शहर में हूटगल्ली नगर पालिका के राजस्व निरीक्षक रामास्वामी सी के आवास पर छापे के दौरान करोड़ों की संपत्ति के दस्तावेज, सोने के गहने और नकदी बरामद की गई है। लोकायुक्त ने दावणगेरे में एपीएमसी के सहायक निदेशक प्रभु जे के आवास पर छापा मारा है और बड़ी मात्रा में गहने और कैश बरामद किए हैं।

संसद का शीत सत्र

## 30 नवंबर को सर्वदलीय बैठक का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने लगातार हंगामे की भेंट चढ़ रहे संसद सत्र को ठीक ढंग से चलाने के लिए सभी विपक्षी दलों को बातचीत के लिए साथ लाने की कोशिश शुरू कर दी है। न्यूज एजेंसी एएनआई के सूत्रों के मुताबिक, इसी कड़ी में संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने 30 नवंबर को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। केंद्र सरकार इसके जरिए शीत सत्र की कार्यवाही को ठीक ढंग से चलाने को लेकर सहमति बनाने की कोशिश करेगी।

संसद का शीतकालीन सत्र 1 दिसंबर से शुरू होने जा रहा है और सरकार इस बार 10 नए विधेयक (बिल) पेश करने की तैयारी में है। इनमें सबसे महत्वपूर्ण है 'परमाणु ऊर्जा विधेयक, 2025', जो देश के नागरिक परमाणु क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने का रास्ता बनाएगा। अब तक यह क्षेत्र पूरी तरह सरकारी नियंत्रण में रहा है। सरकार का कहना है कि यह नया कानून परमाणु ऊर्जा के उपयोग और उसके नियमन से जुड़े ढांचे को आधुनिक और प्रभावी बनाएगा। इससे देश में ऊर्जा उत्पादन और तकनीकी विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है।



# इथियोपिया में 12 हजार साल बाद ज्वालामुखी फटा

## राख का 15 किमी ऊंचा गुबार उठा; 4300 किमी दूर दिल्ली पहुंचा, एअर इंडिया की 11 उड़ानें रद्द

**अदीस अबाबा।** इथियोपिया का हेली गुब्बी ज्वालामुखी 12 हजार साल बाद अचानक फट गया। इस विस्फोट से उठने वाली राख और सल्फर डाइऑक्साइड करीब 15 किमी ऊंचाई तक पहुंच गई। यह लाल सागर पार करते हुए यमन और ओमान तक फैल गई।

सोमवार रात करीब 11 बजे यह राख इथियोपिया से 4300 किमी दूर दिल्ली के आसमान पर भी छा गई। इंडिया मेट स्काई वेदर अलर्ट ने बताया कि राख का यह गुबार जोधपुरझजैसलमेर की ओर से भारत में एंट्री कर चुका है और अब उत्तर-पूर्व की तरफ बढ़ रहा है।

यह बादल राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली के ऊपर फैल चुका है। इसका एक हिस्सा गुजरात को भी छू सकता है। रात में पंजाब, पश्चिमी यूपी के पहाड़ी इलाके और हिमाचल पर इसका असर दिखने की आशंका है। इसे देखते हुए एअर इंडिया ने अपनी 11 उड़ानें रद्द करने की घोषणा की है। हालांकि, एक्सपर्ट्स का मानना है कि इस गुबार की ऊंचाई इतनी ज्यादा





है कि आम लोगों की जिंदगी पर इसका असर काफी कम होगा। हालांकि हल्की मात्रा में राख गिरने की आशंका है। आईएमडीबी के मुताबिक, यह राख शाम 7:30 बजे तक भारत से निकल कर चीन की तरफ बढ़ जाएगी।

यह विस्फोट अफार इलाके में हेली गुब्बी ज्वालामुखी में हुआ। यह इतना पुराना और शांत ज्वालामुखी था कि आज तक इसका कोई रिकॉर्ड नहीं था। इस घटना में किसी की मौत नहीं हुई, लेकिन यमन और ओमान की सरकार ने लोगों को सावधानी बरतने को कहा है, खासकर जिन्हें सांस की तकलीफ रहती है। आसमान में फैले राख की वजह से हवाई जहाजों को भी दिक्कत हो रही है। राख की वजह से दिल्ली-जयपुर जैसे इलाकों में उड़ानों पर नजर रखी जा रही है। राख के कण इंजन को नुकसान पहुंचा सकते हैं, इस लिए इंटरनेशनल एविएशन प्रोटोकॉल के तहत सतर्कता बरती जा रही है।

**डीजीएसए ने गाइडलाइन जारी की**

भारत के डीजीएसए (डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन) ने एयरलाइनों के लिए डिटेल गाइडलाइंस जारी की हैं। हालांकि भारत के ऊपर मौजूद राख बहुत ऊंचाई पर है, इसलिए टेकऑफ और लैंडिंग पर फिलहाल कोई बड़ा खतरा नहीं माना जा रहा है।

डीजीएसए ने कहा है कि अगर किसी विमान को राख के संपर्क में आने का जरा भी संदेह हो, जैसे इंजन की परफॉर्मेंस में गड़बड़ी, केबिन में धुआं या बदबू तो एयरलाइन को इसकी जानकारी तुरंत देनी होगी। अगर राख एयरपोर्ट ऑपरेशन को प्रभावित करती है, तो संबंधित एयरपोर्ट को रनवे, टैक्सीवे और एप्रन की तुरंत जांच करनी होगी।

डीजीएसए ने सभी एयरलाइंस और एयरपोर्ट को चेतावनी दी है कि वे सावधानी बरतें। ज्वालामुखी की राख के कारण अकासा एयर, इंडिगो और केएलएम ने कई उड़ानें रद्द की हैं।

# पाकिस्तान ने किया अफगानिस्तान पर हवाई अटैक, 10 की मौत



**काबुल।** पाकिस्तान ने एक बार फिर अफगानिस्तान पर हमला किया है। पाकिस्तान की ओर से हवाई हमले रात के समय किए गए जब लोग अपने घरों में सो रहे थे। अफगानिस्तान के प्रवक्ता जबीउल्लाह ने इन हमलों की जानकारी दी है। प्रवक्ता ने बताया कि रात करीब 12 बजे पाकिस्तान की ओर से हवाई हमले हुए जिसमें 9 बच्चों समेत 10 लोगों की जान चली गई, जबकि 5 नागरिक जख्मी भी हुए हैं। उन्होंने बताया है कि हमले खोस्त और कुनर-पक्तिका जैसे इलाकों में किए गए, जहां जानमाल का काफी नुकसान हुआ है।

**पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच रहा है तनाव**

बता दें कि, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव पिछले कई महीनों से चल रहा है। इसी साल अक्टूबर में पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के बॉर्डर वाले इलाकों में हवाई हमले किए थे जिसमें 3 अफगानी क्रिकेटरों की मौत हो गई थी। अफगानिस्तान का कहना है कि इसमें आम नागरिकों की जान गई थी, जिसमें बच्चे भी शामिल थे। काबुल में भी पाकिस्तान ने बमबारी की थी, जिसके बाद अफगानिस्तान की ओर से मुंहतोड़ जवाब दिया गया था। दोनों पक्षों में सीजफायर को लेकर वार्ता भी हुई है लेकिन पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है।

# टीईटी की अनिवार्यता: 22 राज्यों के संगठनों ने भरी हुंकार

**नई दिल्ली।** पहली से आठवीं कक्षा के वर्ष 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों के लिए अनिवार्य शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) पास करने के मुद्दे पर 22 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के शिक्षकों ने सोमवार को दिल्ली में विरोध दर्ज करवाया। शिक्षक संगठनों ने केंद्र सरकार से शीतकालीन सत्र में अध्यादेश लाकर टीईटी अनिवार्य के आदेश में संशोधन करने की मांग की।

जंतर-मंतर पर अखिल भारतीय शिक्षक संघर्ष मोर्चा की अध्यक्षता में 22 राज्यों के शिक्षक संगठनों के शिक्षकों ने हुंकार भरी और सरकार को मांग न मानने पर दिल्ली घेराव का अल्टीमेटम भी दे दिया है। कहा कि एनसीटीई के गलत फैसले से 10 लाख शिक्षक प्रभावित हो रहे हैं। इसमें सबसे अधिक यूपी के 1.86 लाख शिक्षक भी शामिल हैं।



# ट्रंप अप्रैल में बीजिंग जाएंगे, शी भी करेंगे अमेरिका का दौरा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि सोमवार को चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ फोन पर बहुत अच्छी बातचीत हुई। नेताओं ने यूक्रेन में युद्ध, फेंटेनाइल तस्करी और किसानों के लिए समझौते पर चर्चा की।

ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पोस्ट में कहा, हमने अपने किसानों के लिए एक अच्छा और बहुत महत्वपूर्ण सौदा किया है। यह और बेहतर होगा। चीन के साथ हमारा रिश्ता बेहद मजबूत है। ट्रंप ने यह भी बताया कि उन्होंने अप्रैल में चीन की यात्रा के लिए शी के निमंत्रण को स्वीकार कर लिया है और शी साल के अंत में अमेरिका का दौरा करेंगे।

**चीन ने उठाया ताइवान मुद्दा, यूक्रेन में 'स्थायी शांति' की बात**



चीन द्वारा जारी बयान में कहा गया कि शी जिनपिंग ने ताइवान को द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का अभिन्न हिस्सा बताया। उन्होंने यूक्रेन युद्ध पर भी न्यायसंगत और दीर्घकालिक शांति की उम्मीद जताई। हाल ही में जापान की प्रधानमंत्री साने ताकैची के बयान में कहा गया था कि यदि चीन ताइवान के खिलाफ कार्रवाई करता है, तो जापान की सेना दखल दे सकती है। इसके बाद चीन-जापान संबंधों में तनाव और बढ़ गया है। चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने कहा कि जापान ने ऐसी टिप्पणी कर लाल रेखा पार कर दी है।

**अमेरिका की रणनीतिक अस्पष्टता बरकरार**

अमेरिका लंबे समय से ताइवान की संप्रभुता पर कोई पक्ष नहीं लेता, लेकिन द्वीप पर बल प्रयोग का विरोध करता है। ट्रंप प्रशासन ने हाल ही में ताइवान को 330 मिलियन डॉलर की हथियार बिक्री को मंजूरी दी थी, जिस पर बीजिंग ने कड़ा विरोध जताया।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376।** प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है)

NNI
हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

आगरा ब्रज

www.nnindianews.com

मंगलवार, 25 नवंबर, 2025






# जयकारों से गूंजा निधिवन

## वैदिक मंत्रों से ठाकुर बांकेबिहारी के प्राकट्यस्थल पर महाभिषेक

एनएनआई

**मथुरा।** विहार पंचमी पर मंगलवार सुबह ठाकुर बांकेबिहारी के प्राकट्यस्थल पर वैदिक विधि से महा अभिषेक हुआ। अभिषेक के दौरान पूरा परिसर ह्लबधाई होड्ड बधाई होड्डह्व के जयकारों से गूंज उठा और श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल बना रहा।

सुबह मंत्रोच्चार के बीच सेवायतों ने ठाकुर का महाभिषेक किया। करीब एक घंटे तक महाभिषेक किया गया। शोभायात्रा की तैयारियां शुरू हो गईं। बैंडबाजा, ढोल,



नगाड़े और डमरू की गूंज के बीच हजारों श्रद्धालु शोभायात्रा में शामिल होंगे।

स्वामी हरिदास जी चांदी के रथ पर विराजमान होकर अपने लाडले ठाकुर बांके बिहारी को प्राकट्य उत्सव की बधाई देने के लिए निधिवन से बांके बिहारी मंदिर की ओर रवाना होंगे।

**विहार पंचमी की बधाई अर्पित की जाएगी**

दोपहर में स्वामी हरिदास जी का रथ बांके बिहारी मंदिर पहुंचेगा, जहां ठाकुर जी को पारम्परिक रूप से विहार पंचमी की बधाई अर्पित की जाएगी।

# वर्दी उतरवा दूंगा... दारोगा को धमकी देने वाले रीलबाज अरेस्ट

एनएनआई

**मथुरा।** सुनरख शराब के तीन ठेकों को एक घंटे बंद कराकर हंगामा करने व मुकदमा दर्ज होने के बाद दारोगा को वर्दी उतरवाने की धमकी देने वाले रीलबाज गोरक्षक को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है। इसकी जानकारी होने पर डेढ़ दर्जन गोरक्षक रात साढ़े आठ बजे थाने के बाहर पहुंच गए और हंगामा शुरू कर दिया। गोरक्षक आरोपितों को निर्दोष बताते हुए रिहा करने की मांग कर रहे थे।



दिल्ली के छतरपुर से चलकर आई सनातन हिंदू एकता पदयात्रा के समापन पर मंच से बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने ब्रज से शराब और मांस की दुकानों को बंद करने की अपील की थी। इसके दूसरे दिन 17 नवंबर को रात आठ बजे कथित गोरक्षक बड़ी संख्या में एकत्रित होकर सुनरख मार्ग स्थित तीन शराब की दुकानों पर पहुंचे और आक्रोशित होकर हंगामा करने लगे। दुकानों के शटर गिराकर बैठ गए।

**पांच नामजद व 10 अज्ञात के खिलाफ हुआ था मुकदमा**

सेल्समैन जितेंद्र कुमार ने वृंदावन थाने में दर्ज कराए मुकदमे में बताया कि दो गाड़ी में सवार होकर दक्ष चौधरी, अभिषेक ठाकुर, शिब्बो, कपिल व अक्कू पंडित व 10 से 15 अज्ञात ठेके पर आए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके जैंत थाना क्षेत्र के सुनरख निवासी शिब्बो और कपिल को गिरफ्तार कर लिया। दक्ष चौधरी ने एसएसआइ अभय शर्मा को फोन पर वर्दी उतरवाने की धमकी दी। सोमवार को पुलिस ने दक्ष चौधरी और उसके कुछ साथियों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी पर डेढ़ दर्जन गोरक्षक वृंदावन थाने पहुंच गए और हंगामा शुरू कर दिया।

अलीगढ़ से आए आजाद हिंद शक्ति सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन चौहान ने कहा कि दक्ष और उनके साथी निर्दोष हैं। उन पर चौथ जैसी लूट का आरोप गलत है। थाने पर हनुमानगढ़ी के बाबा बवंडर बाबा, विष्णु गुर्जर, जग्गा ठाकुर, लव पंडित, अवनीश प्रताप चौहान, मोहन चौहान, मुजफ्फरनगर शिवसेना युवा जिला अध्यक्ष शेंकी शर्मा आदि मौजूद रहे। इस संबंध में सीओ सदर संदीप सिंह ने बताया कि कार्रवाई की जा रही है।

# हाथरस में सरकारी चावल की कालाबाजारी का भंडाफोड

एनएनआई

**हाथरस।** पुलिस ने सरकारी राशन के चावल की कालाबाजारी नहीं रुक रही। कलवारी रोड स्थित एफसीआई गोदाम के पास एक ट्रक में सरकारी चावल पकड़ा गया, जिसे कालाबाजारी के लिए ले जाया जा रहा था। पुलिस को सूचना मिली थी कि एफसीआई गोदाम के पास चावल के बोरों से भरा एक ट्रक खड़ा है, जिसमें सरकारी राशन का चावल है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

मौके पर पाया गया कि ट्रक से सरकारी राशन का चावल उतारा जा रहा था। पास में एक मोपेड भी खड़ी थी और जमीन पर चावल का एक बोरा पड़ा था। पुलिस को देखकर मोपेड सवार व्यक्ति अपनी मोपेड छोड़कर मौके से फरार हो गया।

**खाद्य आपूर्ति विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची**

पुलिस ने तुरंत जांच पड़ताल शुरू कर दी और खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को भी घटना की जानकारी दी। पुलिस और संबंधित विभागीय टीम इस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# 29 लीटर कच्ची शराब, 50 किलो लहन बरामद

## गिहार कॉलोनी में छापेमारी, आबकारी विभाग ने दो आरोपियों को पकड़ा

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** आबकारी विभाग ने गिहार कॉलोनी में बड़ी कार्रवाई की है। सोमवार, को शिकोहाबाद थाना क्षेत्र की गिहार कॉलोनी में चलाए गए विशेष अभियान के तहत 29 लीटर कच्ची शराब और 50 किलो लहन बरामद किया गया। इस दौरान दो आरोपियों को गिरफ्तार भी किया गया।

यह कार्रवाई आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश और जिलाधिकारी फिरोजाबाद के आदेशों पर की गई। इसमें संयुक्त आबकारी आयुक्त आगरा जोन, उप आबकारी आयुक्त आगरा प्रभार और जिला आबकारी अधिकारी फिरोजाबाद का सीधा पर्यवेक्षण रहा। आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-2 शिकोहाबाद जी.के. वर्मा ने



अपनी टीम के साथ इस अभियान का नेतृत्व किया।

टीम ने गिहार कॉलोनी में अचानक घेराबंदी कर कई घरों और संदिग्ध स्थानों की तलाशी ली। तलाशी के दौरान लगभग 29 लीटर अवैध कच्ची शराब और करीब 50 किलो लहन मिला। बरामद लहन को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया ताकि इसका दोबारा उपयोग न हो सके।

मौके से गिरफ्तार किए गए दोनों अभियुक्तों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की संबंधित धाराओं में दो अभियोग पंजीकृत किए गए हैं। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अवैध शराब निर्माण, बिक्री और परिवहन के खिलाफ यह अभियान सख्ती से जारी रहेगा। किसी भी स्तर पर अवैध कारोबार करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

# ताजनगरी में जेडएफडी लागू

## एक्सीडेंट में मृत्युदर को कम करने के लिए चलेगा अभियान

एनएनआई



**आगरा।** जिले में सड़क दुर्घटना में होने वाली मृत्यु दर को न्यूनतम स्तर पर लाने हेतु शून्य विपत्ति जिला अर्थात जीरो फेटेलिटी डिस्ट्रिक्ट (जेडएफडी) अभियान लागू किया गया है। इसका उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्युदर की संख्या को न्यूनतम स्तर पर लाना है। पुलिस कमिश्नर एवं जिलाधिकारी के निर्देशन में सोमवार को पुलिस उपायुक्त यातायात सोनम कुमार द्वारा पुलिस उपायुक्त पूर्वी जोन एवं सभी सहायक पुलिस आयुक्तों के साथ यातायात पुलिस लाइन में सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मृत्यु को पूरी तरह से रोकने के लिए संचालित जेडएफडी अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने, ब्लैक स्पॉट्स चिन्हीकरण एवं यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने आदि पर विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

बैठक में बताया गया कि दुर्घटनाओं के दौरान आमजन की सहायता के साथ-साथ सरकारी / निजी संपत्ति की सुरक्षा एवं त्वरित राहत कार्य पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक थाना क्षेत्र में हॉट स्पॉट (एओआर 20 किमी) चिन्हित किए गए हैं और वहाँ तैनाती के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं। यह स्पष्ट किया गया कि किसी भी दुर्घटना की सूचना प्राप्त होते ही संबंधित टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुँचेगी और बचाव व राहत कार्य को प्राथमिकता से करेगी।

साथ ही दुर्घटना- प्रवण क्षेत्रों में गश्त को बढ़ाने, रात के समय निगरानी मजबूत करने, सड़क सुरक्षा नियमों के पालन पर विशेष जोर देने तथा जनता को जागरूक करने के निर्देश दिए गए।गोष्ठी में यह भी चर्चा हुई कि दुर्घटनाओं के कारणों में तेज गति, गलत ओवरटेकिंग, भारी वाहनों की मनमानी पार्किंग, और अनियमित यातायात मुख्य रूप से शामिल हैं। इन मुद्दों के समाधान हेतु ट्रैफिक पुलिस एवं स्थानीय पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, सीसीटीवी निगरानी को बढ़ाने और दुर्घटना- बिंदुओं पर रिफ़्लेक्टिव साइनेज लगाने की प्रक्रिया को भी तेज करने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने, दुर्घटना- प्रभावित ब्लैक स्पॉट्स के चिन्हीकरण एवं उनके शीघ्र सुधार, यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा सड़क सुरक्षा मानकों को उन्नत करने के लिए सभी संबंधित विभागों- नगर निगम, पीडब्ल्यूडी, एनएचएआई, एवं अन्य सहयोगी संस्थाओं के साथ समन्वय किया जाएगा।

इस बैठक में ट्रैफिक सिग्नलिंग, बैरिकेडिंग, स्ट्रीट लाइटिंग, डिवाइडरों एवं रंबल स्ट्रिप्स की स्थिति का मूल्यांकन कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। साथ ही, जन-जागरूकता कार्यक्रमों को व्यापक स्तर पर संचालित करने, यातायात अनुशासन को मजबूत करने तथा आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र को और अधिक तीव्र व प्रभावी बनाने हेतु समन्वित रणनीति तैयार कर सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।



# राजा की मंडी चौराहे पर आग से छाया काला धुआं

- अज्ञात लोगों ने कूड़ के ढेर में लगाई आग, लोगों को हुई परेशानी



**आगरा एनएनआई।** राजा की मंडी चौराहे के पास उस समय स्थिति ज्यादा खराब दिखी जब अज्ञात लोगों ने चौराहे के पास एक कूड़े के ढेर में आग लगा दी। इस आग से निकले तेज धुएं से पूरा इलाका धुआं-धुआं हो गया, लोग मास्क लगाकर चलने को मजबूर हो गए।

स्थानीय लोगों ने बताया–यहां अक्सर कूड़ा जलाया जाता है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती है। उनका कहना है कि इसके कारण प्रदूषण इतना अधिक हो जाता है कि मास्क निकलकर जाना पड़ता है। लोगों ने जनता ने नगर निगम, प्रदूषण विभाग व पुलिस से त्वरित कार्रवाई की मांग की।

# भरे बाजार में महिला से कुंडल लूटे, पुलिस को नहीं मिले सीसीटीवी फुटेज

**आगरा एनएनआई।** थाना एत्माद्दौला क्षेत्र के ट्रांस यमुना कॉलोनी फेस-वन में रविवार दोपहर दवा लेने निकली एक महिला के कान से बाइक सवार बदमाश कुंडल खींचकर फरार हो गए। वारदात भरे बाजार में हुई। घटना के बाद पीड़िता चौकी पहुंची और पुलिस से न्याय की गुहार लगाई।

जी ब्लॉक फेस 2 निवासी शकुंतला देवी दोपहर करीब 1 बजे सी ब्लॉक स्थित मेडिकल स्टोर की ओर जा रही थीं। उन्होंने बताया कि सैयद कट के पास तभी पीछे से आए नकाबपोश दो बदमाशों ने उनकी राह रोक ली। बाइक पर पीछे बैठे युवक ने झपट्टा मारकर दोनों कानों से कुंडल खींच लिए। दर्द से चीखती हुई महिला के कानों से खून बहने लगा। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने सहयोग करने के बजाय उन्हें धमकाया और गंभीरता से बात नहीं सुनी। पुलिस पीड़िता को साथ लेकर घटनास्थल गई, लेकिन वहां जिस दुकान पर सीसीटीवी लगा है, वह बंद मिली, जिससे फुटेज नहीं देखा जा सका। थानाध्यक्ष देवेंद्र दुबे ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर चुकी है, लेकिन अभी तक घटना की पुष्टि नहीं हो पाई है।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

# भाइयो संग दबंगो ने घर में घुसकर की मारपीट

एनएनआई

**आगरा।** एत्माद्दौला थाना के नुनिहाई स्थित खटीक बस्ती में देर रात शोर शराबे की मना करने पर दबंगो ने गाली-गलौज करते हुए घर मे घुसकर भाइयो के साथ मारपीट की। बीच बचाव करने आई वृद्ध माँ को भी धक्का देकर गिरा दिया। जाते जाते दबंग पीड़ित परिवार को जान से मारने की धमकी दे गए। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है।

एत्माद्दौला थाना के नुनिहाई स्थित खटीक बस्ती में रहने वाले अंकित सविता का मकान है। बीती रात करीब 1:15 बजे उसका पड़ोसी अजीत घर के बाहर जोर-जोर से शोर मचा रहा था। अंकित के मना करने पर वह गाली-गलौज करने पर उतारू हो गया। अजीत ने अपने साथी और परिवार के लोगों अमन, विवेक उर्फ भोलू, मनोज, ब्रिजेश और प्रतीक को बुला लिया।

सभी ने मिलकर पहले बाहर मारपीट की और जब अंकित बचकर घर में घुस गया तो आरोपी उसके घर में घुस आए और हमला किया। शोर सुनकर जब उसका भाई सनी बचाने पहुंचा तो उसके साथ भी मारपीट की गई। इसी दौरान आरोपियों ने अंकित के माता-पिता से भी धक्का-मुक्की की। जाते-जाते आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर गए। थाने पहुँच पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर दी। प्रभारी देवेंद्र दुबे ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।



## बेसमेंट में घुसी कार, टला हादसा

**आगरा एनएनआई।** के थाना न्यू आगरा क्षेत्र में तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर बेसमेंट में जा घुसी। गनीमत रही कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। हादसा रात करीब 9 बजे का है।

# कोचिंग के बाहर रंगबाजों ने छात्र को पीटा

एनएनआई



**आगरा।** थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र के टेढ़ी बगिया में सोमवार को कोचिंग सेंटर के बाहर 8झ10 रंगबाजों ने एक छात्र को घेरकर लाठी-डंडों से पीट दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें छात्र को सड़क पर खींचकर मारपीट करते हुए देखा जा सकता है।

स्थानीय लोगों के जुटने पर आरोपी मौके से भाग निकले।

पुलिस का कहना है कि मामले की जानकारी की जा रही है, वीडियो की भी जांच कराई जा रही है। अभी तक पीड़ित छात्र या उसके परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है।

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
मंगलवार, 25 नवम्बर, 2025


# पार्किंग ठेकेदार पर 50 हजार रुपये का लगाया जुर्माना

## नगर निगम की पार्किंग व्यवस्था में लापरवाही बरतना ठेकेदार को भारी पड़ गया

एनएनआई

**आगरा।** नगर निगम की पार्किंग व्यवस्था में लापरवाही बरतना ठेकेदार को भारी पड़ गया। अनुबंध की शर्तों का पालन न करने पर नगर निगम प्रशासन ने पार्किंग ठेकेदार पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। साथ ही नियमों के अनुपालन के लिए नोटिस जारी किया गया है। सहायक नगर आयुक्त अशोक प्रिय गौतम ने सोमवार को पार्किंग व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पार्किंग में कार्यरत कोई भी कर्मचारी ड्रेस में मौजूद नहीं मिला। इसके अतिरिक्त कर्मचारियों के पास पहचान पत्र (आई कार्ड) भी उपलब्ध नहीं पाए गए, जो कि अनुबंध की अनिवार्य शर्तों में शामिल हैं।सहायक नगर आयुक्त ने बताया-यह स्पष्ट रूप से सेवा शर्तों का उल्लंघन है। सेवा शर्तों के उल्लंघन की पहले भी कई शिकायत फर्म के खिलाफ मिलती रही हैं। नियमों को न मानने पर पार्किंग ठेकेदार पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। नोटिस जारी करते हुए निर्धारित अवधि में स्थिति सुधारने के निर्देश दिए गए हैं निर्धारित समय में सुधार न होने पर आगे और कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। उन्होंने कहा है-पार्किंग कर्मचारियों को ड्रेस में रहना होगा। इसके साथ पहचान पत्र रखना अनिवार्य है। ऐसा न करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम प्रशासन ने साफ किया है कि पार्किंग संचालन में पारदर्शिता और उपभोक्ताओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। नियमों के विपरीत कार्य करने वाले ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। नोटिस में फर्म को स्पष्टीकरण देने के साथ ही चेतावनी दी गई है कि 2 दिन में जवाब न देने पर अनुबंध समाप्त कर फर्म को ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा।

# मंडलायुक्त ने एडीए अधिकारियों के साथ किया अटलपुरम टाउनशिप का निरीक्षण

एनएनआई

■ फाइनल ले आउट प्लान के अनुसार टाउनशिप की मुख्य सड़क व विभिन्न सेक्टरों में चल रहे कार्यों को देखा



**आगरा।** सोमवार को मण्डल आयुक्त द्वारा आगरा विकास प्राधिकरण की विभिन्न परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम मंडल आयुक्त ने एडीए अधिकारियों संग ककुआ-भांडई में विकसित हो रही टाउनशिप अटलपुरम का निरीक्षण किया। वहां अनुबन्धित संस्था द्वारा पहले चरण में किए जा रहे डवलपमेंट कार्य का जायजा लिया। फाइनल ले आउट प्लान के अनुसार टाउनशिप की मुख्य सड़क व विभिन्न सेक्टरों में चल रहे कार्यों को देखा और निर्देश दिए कि डवलपमेंट के दौरान गुणवत्ता का पूर्ण ध्यान रखा जाए। पेड़ों को किसी तरह से नुकसान नहीं पहुंचाया जाए। साइट कार्यालय का भी महोदय द्वारा निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात इनर रिंग रोड द्वितीय चरण के गुतिला मौजा पर दोनों तरफ निमार्णाधीन ट्रक ले-बाय का निरीक्षण किया। अर्जित भूमि के मध्य आ रही किसने की भूमि को ट्रक ले-बाय के सर्विस रोड के अंत में समायोजन किए जाने हेतु निर्देशित किया। प्रगतिमान कार्य को निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत कराए जाने हेतु संबंधित को निर्देश दिए गए। शमशाबाद फ्लाईओवर का निरीक्षण किया। एडीए उपाध्यक्ष द्वारा अवगत कराया गया कि रमाडा फ्लाईओवर की तरह यहां भी शमशाबाद फ्लाईओवर पर ब्यूटीफिकेशन का कार्य किया जाएगा। आर्टिफेक्ट्स, आकर्षक लाइटिंग, प्लांटेशन से फ्लाईओवर को दोनों ओर से सजाया जाएगा। मंडलायुक्त द्वारा निर्देश दिए गये कि फ्लाईओवर के साथ-साथ आसपास क्षेत्र की भी समुचित सफाई और बढ़िया प्लांटेशन का कार्य पहले ही शुरू करा दिया जाए। अंत में इनर रिंग रोड द्वितीय चरण पर निमार्णाधीन टोल प्लाजा का निरीक्षण किया गया। परियोजना की कार्यावधि, वर्तमान में चल रहे कार्य और टोल प्लाजा दी जाने वाली सुविधाएं आदि का जायजा लिया। अवगत कराया गया कि टोल प्लाजा पर दोनों ओर मिलाकर 10 लेन बनाई जा रही है, दो माह में कार्य पूर्ण हो जाएगा। वहीं दिसंबर माह के अंत तक परियोजना की कार्यावधि समाप्त होने की दशा में आयुक्त महोदय द्वारा निर्देश दिए गये कि निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए एवं टोल के दोनों ओर टॉयलेट ब्लॉक तथा फूड कोर्ट भी बनाए जाए।

# जलकल के बकायेदारों को ब्याज में मिलेगी छूट

## मेयर की अध्यक्षता में नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक हुई



**आगरा (एनएनआई)।** जलकल विभाग के बकायेदारों को ब्याज में छूट मिल सकती है। इसके लिए नगर निगम की कार्यकारिणी ने इस प्रस्ताव को पास कर दिया है। अब इस प्रस्ताव पर सदन में चर्चा होगी। इसके साथ ही नगर निगम की कार्यकारिणी की बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए मूल बजट में प्रस्तावित 159781.63 लाख रुपये की आय को 159045.75 पुनरीक्षित बजट को हरी झंडी दे दी गई। इसे सर्वसम्मति से पास कर दिया गया। सोमवार को मेयर हेमलता दिवाकर कुशवाह की अध्यक्षता में नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक हुई। इसमें पुनरीक्षित बजट पर चर्चा के बाद कार्यकारिणी सदस्य राकेश जैन ने जलकल विभाग के सीवर और अन्य बिलों पर ब्याज में छूट तथा नामांतरण से जुड़े प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए। इन प्रस्तावों कोकार्यकारिणी ने मंजूरी प्रदान की। इन प्रस्तावों पर आगामी सदन की बैठक में चर्चा कराई जाएगी।यह बैठक 21 नवंबर को होनी थी। इस की सूचना सभी सदस्यों को कम से कम 2 दिन पहले देनी थी लेकिन उन्हें समय पर बैठक के बारे में नहीं बताया गया। जबकि मेयर हेमलता दिवाकर कुशवाह ने कार्यकारिणी समिति की बैठक के लिए उन्होंने नगर आयुक्त, महाप्रबंधक जलकल व प्रभारी सचिवालय को 14 नवंबर 2025 को पत्र लिखकर 21 नवंबर 2025 को बैठक आयोजित करने के लिए निर्देश दिए थे, लेकिन निगम के अधिकारियों ने पार्षदों को 20 नवंबर की शाम को सूचना दी। इससे नाराज होकर मेयर और कार्यकारिणी सदस्यों ने बैठक से वॉकआउट कर दिया था। बैठक में 132077.05 लाख के मूल बजट के सापेक्ष 142727.05 लाख रुपये के पुनरीक्षित बजट को भी पेश किया गया। इसे भी बिना संशोधन के पास कर दिया गया। प्रस्ताव पर व्यापक चर्चा के लिए सदन में पेश किया जाएगा। बैठक में नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल, अपर नगर आयुक्त शिशिर कुमार, सीएफओ बृजेश सिंह, सहायक नगर आयुक्त अशोक प्रिय गौतम, उप नगर आयुक्त डॉ. सरिता सिंह के साथ कार्यकारिणी के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# जनपद में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के लिए चलेगा विशेष अभियान

■ मतदान केंद्रों पर बीएलओ द्वारा किया जाएगा पुनरीक्षण का कार्य, सभी मतदाता अपना गणना पत्र भरकर बीएलओ के पास कर सकते है जमा

एनएनआई

**आगरा।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों के अनुरूप जनपद में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में अब तेजी देखने को मिल रही है। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने पुनरीक्षण कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए मौजूद सुपरवाइजर, बीएलओ और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 का कार्य काफी तेजी से चल रहा है। पुनरीक्षण कार्य को ससमय पूर्ण करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी द्वारा कल दिनांक 25 नवंबर 2025 दिन बुधवार को विशेष पुनरीक्षण अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए हैं।

बीएलओ द्वारा प्रातः 10 बजे से 04 बजे तक बूथों पर मौजूद रहकर गणना प्रपत्र वितरण, संकलन तथा भरे हुए गणना पत्र प्राप्त कर डिजिटाइजेशन का कार्य किया जाएगा, संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा बीएलओ के कार्यों का नियमित पर्यवेक्षण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनपद के सभी मतदाता अपने भरे हुए गणना प्रपत्र बीएलओ के पास तत्काल वापस कर दें जिससे कि उनका डिजिटाइजेशन का कार्य किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी बीएलओ और अधिकारी फील्ड पर रहकर पुनरीक्षण कार्य समय पर पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे।

जिलाधिकारी ने कहा कि कई स्थानों पर मतदाता बीएलओ को फॉर्म भरने के लिये आवश्यक जानकारी व फोटो उपलब्ध नहीं करा रहे हैं, ऐसे मामलों में मतदाता सूची से नाम कटने की संभावना बन जाती है। उन्होंने अपील की कि सभी मतदाता समय से बीएलओ को गणना प्रपत्र भरकर जरूर दें।

# अव्यवस्थाएं देख भड़की राज्य महिला आयोग अध्यक्ष

■ राज्य महिला आयोग अध्यक्ष ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सैंया का किया निरीक्षण



एनएनआई

**आगरा।** सोमवार को राज्य महिला आयोग अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान ने सैंया स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। परिसर में दाखिल होते ही अव्यवस्थित हालात और लापरवाही देखकर संबंधित से कड़ी नाराजगी जताई। निरीक्षण के दौरान मा.अध्यक्ष सीधे रसोईघर में पहुँचीं, जहाँ उन्होंने भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता की जांच की। खाना मानकों पर खरा न उतरने पर उन्होंने रसोई कर्मियों व विद्यालय प्रबंधन को कड़ी फटकार लगाई। इसके बाद उन्होंने छात्राओं से अलग से अकेले बातचीत की। छात्राओं ने भोजन व्यवस्था, साफ-सफाई, सुरक्षा और रहने की सुविधाओं से संबंधित कई समस्याएँ बताईं। इस दौरान विद्यालय में आपस में गुटबाजी की भी जानकारी सामने आई, जिसे अध्यक्ष ने बेहद गंभीरता से लिया। निरीक्षण के बाद बबीता चौहान ने सख्त लहजे में कहा शिकायतें लगातार मिल रही थीं और आज की स्थिति यह साबित करती है कि लापरवाही चरम पर है। यह अंतिम चेतावनी है। अब भी सुधार नहीं हुआ तो शिक्षा विभाग और संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। अध्यक्ष ने प्रबंधन को तुरंत सुधारात्मक कदम उठाने, भोजन व्यवस्था को मानकों के अनुसार दुरुस्त करने, बच्चियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने और विद्यालय में चल रही गुटबाजी पर तत्काल रोक लगाने के निर्देश दिए।

NNi हर खबर पर पक्की नज़र
न्यूज नेक्स्ट इंडिया



# विनम्रता से शक्ति बढ़ती है, अहंकार से घटने लगती है: डा सुनील विश्वकर्मा

## राज्य ललित कला अकादमी के अध्यक्ष को किया गया सम्मानित

एनएनआई

**आगरा।** संस्कार भारती, आगरा महानगर द्वारा माधव भवन, जयपुर हाउस, डा. सुनील विश्वकर्मा का सम्मान किया गया। डा. सुनील विश्वकर्मा राज्य ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश लखनऊ के अध्यक्ष, संस्कार भारती के अखिल भारतीय चित्रकला प्रमुख हैं। अयोध्या में विराजित रामलला की मूर्ति का बेसिक डिजाइन डा सुनील विश्वकर्मा द्वारा ही बनाया गया था और उसी के आधार पर श्री रामलला की मूर्ति का निर्माण हुआ था। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा डा सुनील विश्वकर्मा को सम्मानित किया गया था। इस अवसर पर संस्कार भारती के अखिल भारतीय अधिकारी और प्रचारक मान. बांकेलाल गौड़ ने कहा कि कलासाधक स्वयं को चन्दन की भांति घिसकर समूचे वातावरण को आनंदमई करता है, ऐसे कलासाधक का समाज द्वारा सम्मान करने से दूसरे सभी कलासाधकों को प्रेरणा और प्रोत्साहन प्राप्त होता है। प्रांतीय महामंत्री नन्द नन्दन गर्ग ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा सन 2000 में शास्त्रीपुरम आगरा में आयोजित राष्ट्र रक्षा महाशिविर के अवसर पर प्रदर्शित विराट प्रदर्शनी के लिए डा सुनील विश्वकर्मा ने अपने साथियों के साथ 10,000 से भी अधिक चित्रों का सृजन किया था. इस अवसर पर एडवोकेट सुभाष चंद्र अग्रवाल, नन्द नन्दन गर्ग, ओम स्वरूप गर्ग, प्रेमचंद अग्रवाल सुपारी, आर्किटेक्ट राजीव द्विवेदी, राजीव सिंघल, इंजी. सुरेश



चंद्र अग्रवाल, छीतरमल गर्ग, प्रदीप सिंघल, श्याम तिवारी, संदीप गोयल, इंजी. नीरज अग्रवाल, दीपक कपूर, डा आभा सिंह, डॉ एकता श्रीवास्तव, नीता गर्ग, पेंशनर एसोशिएशन के अध्यक्ष एस एन गर्ग, राकेश पाठक, महेंद्र मित्तल, प्रभु दत्त उपाध्याय, बबीता पाठक अध्यक्ष रुद्राक्ष फाउंडेशन, मीनाक्षी मिश्रा अंजलि, चेतना परिहार, मीतू सिंह, डा तपस्या सिंह, रश्मि सिंह, अमित अग्रवाल, छीतरमल गर्ग, प्रचारक नन्द किशोर, हरिमोहन सिंह कोटिया, डा मनोज कुमार डिप्टी डायरेक्टर ललित कला संस्थान आगरा, आलोक आर्य, रवि नारंग होली लाइट पब्लिक स्कूल, डॉ रश्मि सक्सैना आदि ने शाल, माला, पटका और साफा पहनाकर सम्मान किया.

# नेत्रहीन छात्रों को मिला 'ज्ञान का प्रकाश'

## जैन स्तुति मंडल ने प्रदान किया ब्रेल लिपि कंप्यूटर



एनएनआई

**आगरा।** जैन स्तुति मंडल द्वारा समाज सेवा की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाते हुए, रविवार को कालिंदी विहार, स्थित राधास्वामी दृष्टिबाधित विद्यालय में छात्रों के लिए एक ब्रेल लिपि कंप्यूटर भेंट किया गया। यह कंप्यूटर दृष्टिहीन बच्चों की शिक्षा और डिजिटल साक्षरता में एक महत्वपूर्ण साधन बनेगा।

विद्यालय के संचालक, जो स्वयं दृष्टिहीन पति-पत्नी हैं, निःस्वार्थ भाव से 32 दृष्टिहीन बच्चों को शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। उनका यह समर्पण और त्याग समाज के लिए एक प्रेरणास्त्रोत है। जैन स्तुति मंडल ने उनके इस पुनीत कार्य को देखते हुए, छात्रों के शैक्षणिक सशक्तिकरण के लिए यह विशेष सहयोग दिया।

इस अवसर पर जैन स्तुति मंडल की कई सक्रिय सदस्याएँ उपस्थित थीं, जिन्होंने विद्यालय के प्रयासों की सराहना की और छात्रों का उत्साहवर्धन कर मेवा, फल, मिठाइयां, चिप्स, बिस्किट, पेटीज, पेस्टी आदि वितरण किए गए किया। उपस्थित सदस्यों में पद्मिनी सुराना, आशु जैन, मनीषा जैन, अर्चना सुराना, लवीना जैन, श्रुति जैन, गरिमा जैन,अंशु जैन,नीतू जैन और नम्रता जैन शामिल थीं।

मंडल की सदस्याओं ने कहा कि उनका उद्देश्य इन बच्चों को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ना है। ब्रेल कंप्यूटर प्रदान करना इसी दिशा में उठाया गया एक छोटा सा कदम है।

# एंटी माइक्रोबियल रजिस्टेन्स की बढती समस्या पर किया जागरुक

एनएनआई

**आगरा।** एस.एन. मेडिकल कालेज के एलटी-2 में माइकोबायोलॉजी विभाग व फार्माकोलॉजी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से एक सिमपोजियम का अयोजन थीम पर वल्ड एंटी माइकोबियल अवेयरनैस वीक के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। जिसका उद्घाटन दीप प्रज्वलन के साथ कालेज के प्राचार्य डा. प्रशांत गुप्ता ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डा. अंकुर गोयल द्वारा एंटीबायोटिक्स के लगातार बढते रजिस्टेन्ट पैटन पर उद्धबोधन दिया गया, प्रोफेसर डा. अनुपम शर्मा द्वारा वल्ड ऑफ विसडम अबाउट एन्टि बायोटिक्स के बिन्दुओं पर प्रकाश डाला गया, कार्यक्रम का फैलिसिटेशन डा. विकास कुमार द्वारा किया गया, डा. आरती अग्रवाल द्वारा कार्यक्रम का स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया, डा. प्रज्ञा शाक्य द्वारा एंटीबायोटिक्स के प्रमुख बिन्दुओं पर प्रकाश डाला गया, माइकोबायोलॉजी विभाग व फामाकोलॉजी विभाग के विभिन्न रेजिडेन्ट द्वारा विभिन्न विषयों पर पी०पी०टी० के



माध्यम से व्याख्यान दिया गया। इस कार्यक्रम का उद्देशय मरीजों में एंटी माइक्रोबियल रजिस्टेन्स की बढती समस्या को ध्यान में रखकर जागरूकता बनाये रखने के लिए इस प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में फामाकोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डा. अल्का यादव, बायोकैमिस्ट्री की विभागाध्यक्ष डा. कामना सिंह, डा. अखिल प्रताप सिंह, डा. दिव्या श्रीवास्तव, डा. गीतू सिंह, डा. सपना गोयल, एफएच मेडिकल कालेज से डा. गौरव उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम को आईएमए आगरा द्वारा समर्थन किया गया।

# भंते कौंडिण्य की 12वीं पुण्यतिथि पर किया नमन

एनएनआई

**आगरा।** बुद्ध कुटि खरौना पोखर वैशाली के संरक्षक चौ. रामगोपाल के सूचनानुसार बुद्ध कुटि के, संस्थापक भंते कौंडिण्य की 12वीं पुण्य तिथि गत वर्षों की भांति बड़े सौहार्दपूर्ण व शांतिपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्व शांति स्तूप के भिक्खु, बाई मंदिर कोल्हुआ समस्त भिक्खू, भिक्षुणी एवं आईए महापठान द्वारा भंते कौंडिण्य के चैत्य पर मोमबत्ती जलाकर व पुष्प अर्पित कर किया गया। तदुपरान्त पूजा वंदना व शांति पाठ किया गया तथा समस्त आगन्तुकों ने भंते जी के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



इस अवसर पर उद्बोधन में चौधरी रामगोपाल ने बताया कि इस बुद्ध कुटि का निर्माण भंते कौडिन्य के कठिन प्रयासों से हो सका जोकि आज यह उनका अभिन्न अंग है। धार्मिक रूप से समस्त बौद्धों के लिए बहुत महत्वपूर्ण बना हुआ है। उन्होंने बताया कि बुद्ध कूटी के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर अधक एवं प्रभावी प्रयास किये जाएंगे तथा इसके महत्व को संपूर्ण देश-विदेश में प्रचारित व प्रसारित किया जाएगा।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ज्ञानेश्वर मौर्य, अनिल कुमार सिंह, कल्याण सिंह, सत्यप्रकाश, शैलेन्द्र सिंह, अमित वार्ष्णेय, श्रीमती मीरा देवी, कम्बोडिया, श्रीलंका के भंते, वैशाली संग्राहलय व रेलिक स्तूप के समस्त स्टॉफ की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्व शांति स्तूप के भिक्खु ने की तथा संचालन जितेंद्र मौर्य ने किया।



# शहीदी पर्व पर गुरु तेग बहादुर को किया नमन

## परगट भए गुरु तेग बहादुर, सगल सृष्टि पर ढापी चादर



एनएनआई

**आगरा।** सिख धर्म के नवे गुरु और हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी महाराज और उनके तीन सिख भाई मती दास जी भाई सती दास जी और भाई दयाला जी के 350वें शहीदी शताब्दी दिवस के अवसर पर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा माईथान में भव्य कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया।

गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा माईथान के प्रधान कंवलदीप सिंह और हेड ग्रंथी ज्ञानी कुलविंदर सिंह ने बताया कि गुरुद्वारा माईथान वह ऐतिहासिक स्थान है जहां पर श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी दो बार आए। शहीदी दिवस के 350 वर्ष पूरे होने के चलते वर्ष भर देश भर में अनेक कीर्तन समागम ,नगर कीर्तन व यात्राएं आदि आयोजित किए गए।

नगर कीर्तन समागम में मुख्य रूप से कीर्तन के लिए भाई दलीप सिंह जी पटियाला वालो ने गुरु साहिब की वाणी उच्चरित शबद गुन गोविंद गायो नहीं जन्म अकारथ कीन ,कहो नानक हर भज मना एह विद जल को मीन का गायन किया। ढाढ़ी जत्था भाई मनजिंदर सिंह मोजी लखीमपुर ने मक्खन शाह लुबाना के हिंदुस्तान आकर गुरु महाराज की तलाश के घटनाक्रम को कविता के माध्यम से जोशीले अंदाज से सुनाया। कीर्तन समागम की शुरूआत अखंड कीर्तनी जत्थे के भाई जसपाल सिंह ने आसा दी वार के कीर्तन के साथ की। माईथान गुरुद्वारे के हजूरी रागी भाई बिजेंद्र सिंह, गुरुद्वारा गुरु का ताल के हजूरी रागी लवजीत सिंह, स्त्री सत्संग सभा की निर्मल कौर जीत अरोड़ा ने कीर्तन की हाजिरी भरी। अंत में आनंद साहिब का पाठ हुआ।

मीडिया प्रभारी जसबीर सिंह जस्सी ने बताया 22 नवंबर को आगरा से गुरुद्वारा शीशगंज साहिब चांदनी चौक दिल्ली गए भव्य नगर कीर्तन में सहयोग देने वालों को गुरुद्वारा गुरु का ताल जब के मौजूदा मुखी संत बाबा प्रीतम सिंह जी ने सिरोपा देकर सम्मानित किया। इस दौरान गुरुद्वारा गुरु का ताल के जत्थेदार राजेंद्र सिंह इंदौरिया ,बाबा अमरीक सिंह ,महंत हरपाल सिंह, ग्रंथी हरबंस सिंह, गुरमीत सिंह सेठी, दलजीत सिंह सेतिया, अरविंद चावला परमजीत मक्कड़ बबलू बियानी लकी सेतिया ,पाली सेठी ,वीरेंद्र सिंह वीरे, पुष्कल गुप्ता, चेयरमैन परमात्मा सिंह, अरोड़ा, राणा रणजीत सिंह ,अवतार सिंह गिल, राजदीप ग्रोवर, रक्षपाल सिंह आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## साध संगत को गुरुवाणी रस में डुबोया



एनएनआई

**आगरा।** श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी तथा उनके साथ शहीद हुए वीर शहीद भाई मतीदास जी, भाई सतीदास जी और भाई दयाला जी की 350 साला शहीदी शताब्दी को समर्पित एक भावपूर्ण एवं अमृतमयी गुरबाणी कीर्तन दीवान का आयोजन गुरुद्वारा दशमेश दरबार, शहीद नगर विभव नगर, आगरा में श्रद्धा और प्रेम के साथ सम्पन्न हुआ।

इस पावन दीवान में दिल्ली से विशेष रूप से पधारे प्रसिद्ध रागी जत्थे ने गुरु घर की साध संगत को गुरबाणी रस में डुबो दिया। सबसे पहले दिल्ली से पधारीं बीबी इन्द्रजीत कौर जी एवं भाई रविन्दर सिंह जी (दिल्ली वाले) और साथीयों ने शहीदों की लासानी कुर्बानियों का जिक्र करते हुए बेहद भावपूर्ण कीर्तन सेवा निभाई, उनकी अमृतमयी वाणी तथा शहीदां दी याद में गाए गए शबदों ने संगत की आंखों को नम कर दिया। हजूरी रागी भाई हरजिन्दर सिंह जी (विक्की वीर) एवं साथियों ने भी प्रेम-रस से भरे कीर्तन द्वारा गुरु तेग बहादुर साहिब जी की त्यागमयी बाणी का गायन किया। दीवान की शुरूआत में सोदर रहरासि साहिब का पाठ ज्ञानी मनसा सिंह जी द्वारा बड़े ही भाव सत्कार से किया गया। इसके बाद नौवें महले के श्लोक तथा श्री सहज पाठ साहिब जी का भोग हुआ, जिसमें गुरु तेग बहादुर साहिब जी की बाणी के माध्यम से शहीदी की महिमा का बखान किया गया। अरदास एवं हुकमनामा उपरांत गुरु का अटूट लंगर संगत ने प्रेमपूर्वक ग्रहण किया। गुरुद्वारा गुरु का ताल के संत बाबा प्रीतम सिंह जी का विशेष सहयोग रहा। प्रधान हरपाल सिंह राजू सलूजा,श्याम भोजवानी, मलकीत सिंह, गुरेंदर सिंह, सुरेंद्र सिंह लवली,देवेंद्र सिंह, इन्दर जीत सिंह,सुरेंद्र सिंह लाड़ी आदि उपस्थित रहे।

## शहीदी दिइवस पर गुरु तेग बहादुर जी के चरणों में झुके सिर



एनएनआई

**आगरा।** सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गुरु तेग बहादुर बलिदान दिवस का आयोजन भव्य रूप से किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन सार्थक शर्मा ने किया। समारोह का उद्देश्य छात्रों में गुरु तेग बहादुर जी के आदर्शों, उनके समाजसेवा के दृष्टिकोण और उनके बलिदान की प्रेरणा को जागृत करना था। इस अवसर पर भाग प्रचारक विपिन ने अपने संबोधन में गुरु तेग बहादुर जी के साहस और उनके समाज के प्रति योगदान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे गुरु जी ने धर्म, मानवता और न्याय के लिए अपने प्राणों की आहुति दी।

माधव पाराशर ने गुरु तेग बहादुर जी के जीवन के महत्वपूर्ण प्रसंग साझा किए, जिससे छात्रों ने उनके व्यक्तित्व और उच्च मानवीय मूल्यों को समझा। वरिष्ठ आचार्य सुनील ने भी बच्चों को गुरु जी के आदर्शों और उनके संघर्ष के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के समापन पर श्रीमान किशन जी ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत कर सभी वक्ताओं, संयोजकों और छात्रों का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में संयोजक भूपेंद्र सिंह राघव, रजनी और तरुण ने अहम योगदान दिया।

समारोह में उपस्थित सभी छात्रों और शिक्षकों ने गुरु तेग बहादुर जी की शहादत को याद करते हुए उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस प्रकार कार्यक्रम ने न केवल छात्रों को प्रेरित किया, बल्कि उन्हें सामाजिक और नैतिक मूल्यों का भी गहन अनुभव कराया।

## बल्केश्वर मोक्षधाम पर स्थापित हुई भोलेनाथ की प्रतिमा

एनएनआई

**आगरा।** विधायक पुरुषोत्तम खण्डेलवाल की प्रेरणा से प्रयास फाउण्डेशन संस्था द्वारा बल्केशवर मोक्षधाम पर सामाजिक सहयोग से सौन्दर्यीकरण कार्य कराये जा रहे है। इसी क्रम में अब "माथुर वैश्य मंडलीय परिषद एवं अन्य समाजसेवियों के सौजन्य से मोक्षधाम पर भगवान भोलेनाथ की प्रतिमा स्थापित कराने के साथ बैठने के लिए बैंचों,टीन शेड, व शीतल जल के लिए वाटर कूलर की व्यवस्था कराई गई है। विधायक



पुरुषोत्तम खंडेलवाल व लघु उद्योग निगम अध्यक्ष राकेश गर्ग ने भगवान शिव की मूर्ति का संयुक्त रूप से अनावरण किया।

इस मौके पर माथुर वैश्य मंडलीय परिषद के रोशनलाल गुप्ता अशोक गुप्ता, विनोद गुप्ता क्षेत्रीय पार्षद पूजा बंसल, गिर्राज बंसल, नंदकिशोर गोयल, प्रयास फाउंडेशन के रिंकू अग्रवाल, रवि गुप्ता, अतुल गर्ग, अनिल गुप्ता, मनोज अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, अंकुर गर्ग, डॉ राधेश्याम, आशीष, आदि उपस्थित रहे। अध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल 'गुड्डू' ने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## विवि में छात्रों के बीच हुई बैनर, प्रॉप प्रतियोगिता


एनएनआई

**आगरा।** भारत के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 150वीं जन्मजयंती के अवसर पर डॉ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा के द्वारा आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला तथा ललित कला संस्थान में बैनर निर्माण तथा प्रॉप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्र छात्राओं के द्वारा विभिन्न प्रकार के बैनर आदि का निर्माण किया जा रहा है। इन बैनर तथा प्रॉप का उपयोग जिलास्तरीय व राष्ट्रीय पदयात्राओं के समय किया जाएगा। यह प्रतियोगिता कुलपति प्रोफेसर आशुरानी की प्रेरणा तथा ललित कला संस्थान के निदेशक प्रो संजय चौधरी के नेतृत्व में की जा रहा है। प्रतियोगिता के संयोजक एप्लाइड आर्ट के शिक्षक देवेंद्र कुमार ने



बताया कि इस प्रतियोगिता में संस्थान के सभी विभागों के छात्र प्रतिभाग कर रहे हैं, उप निदेशक डॉ मनोज कुमार, डॉ अरविंद राजपूत, डॉ शार्दूल मिश्रा, डॉ शीतल शर्मा, डॉ देवाशीष गांगुली, डॉ गणेश कुशवाह, डॉ ममता बंसल, दीपक कुलश्रेष्ठ, कुसुम, नीरज ने सहयोग किया।

## एसएन को दान की लोकतंत्र सेनानी रामप्रकाश गर्ग की मृत देह



**आगरा एनएनआई।** रंगजी का नगला ,वृन्दावन निवासी राम प्रकाश गर्ग(96) का निधन हो जाने पर परिवारिजनों ने उनकी इच्छानुसार उनका पार्थिव शरीर श्री क्षेत्र बजाजा कमेटी के सहयोग से एस एन को दान किया। देहदान प्रक्रिया पूरी कराने के लिए उनके पुत्र वीरेंद्र ने वृन्दावन से प्रयास फाउंडेशन के अध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल से सम्पर्क किया था। उनकी सूचना पर बजाजा कमेटी द्वारा निशुल्क शव वाहन भैजकर रामप्रकाश का शव आगरा लाया गया। श्रद्धा के साथ एस. एन. के एनाटॉमी विभागाध्यक्ष डाक्टर अंजलि गुप्ता की ओर से विभाग के सुनील ने शव प्राप्त किया। इस मौके पर देहदानी रामप्रकाश के पुत्र वीरेंद्र गर्ग तथा गौरव गर्ग भी मौजूद रहे। बजाजा कमेटी के अध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल, महासचिव राजीव अग्रवाल , कृष्ण कुमार अग्रवाल तथा नंदकिशोर गोयल का सहयोग रहा।

NNI हर ख़बर पर पक्की नज़र
न्यूज नेक्स्ट इंडिया



# आंवलखेड़ा में युवा वाहिनी का हुआ शक्तिशाली गठन

## 108 युवाशक्ति को राष्ट्र व युग निर्माण के लिए दिलाया संकल्प

एनएनआई

**एत्मादपुर।** तहसील एत्मादपुर क्षेत्र के आँवलखेड़ा की पावन जन्म भूमि पर युवाशक्ति जागरण और संगठन के उद्देश्य से ऐतिहासिक युवा वाहिनी गठन कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संकल्प लिया गया कि इस युग परिवर्तन की प्रक्रिया में कोई भी परिजन छूटे नहीं और सभी को परम पूज्य गुरुदेव व परम वंदनीया माताजी का स्नेह, अनुदान व मार्गदर्शन प्राप्त हो।

पंजीकरण का शुभारंभ अभय दुबे, भरत पटेल और अजीत का सहयोग से किया गया। इसके बाद संगीत प्रस्तुति से मुख्य भवन हॉल में वातावरण आध्यात्मिकता और उत्साह से भर उठा। हेमंत भट्ट ने ओजस्वी उद्बोधन के साथ युवाओं के समर्पण और उद्देश्य की प्रेरणा दी। जीतेंद्र द्विवेदी, व्यवस्थापक ने युवा वाहिनी के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए सभी में चेतना और नेतृत्व का भाव जगाया। तीन युवा साथियों के उद्गार, धन्यवाद ज्ञापन और संकल्प-शांति पाठ ने कार्यक्रम को सार्थकता प्रदान की।

इस उपलक्ष्य में 54 श्रद्धावान युवाओं को टी-शर्ट व कैप प्रदान कर युवा वाहिनी में औपचारिक रूप से जोड़ा गया। जल्द ही 54 बालिकाओं को जोड़कर इसे 108 युवाओं का प्रेरक समूह बनाया जाएगा। व्यवस्थापक व जोन समन्वयक ने कहा कि यह चयन बुलावे से नहीं, बल्कि गुरुचेतना के आशीष से हुआ है।

युवाओं ने भी अपने विचार रखते हुए युग निर्माण के प्रति समर्पण व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर संचालन दीन दयाल, अभय दुबे, भारत पटेल, हेमंत भट्ट, जीतेंद्र, भारत राम , प्रेमपाल, अनिल पचौरी, अजीत, देवेंद्र, राघवेन्द्र शर्मा, युवा समाजसेवी कुँवर ठाकुर प्रवीण चौहान, सोमेन्द्र चौहान, प्रशांत शर्मा, लोकेन्द्र चौहान, रिंकू चौहान, आदित्य चौहान, आदित्य तोमर, और करण शर्मा सहित कई व्यक्ति उपस्थित रहे।

## खेत की मेड काटने को लेकर बढ़ा तनाव

**पिनाहट एनएनआई।** पिनाहट ब्लॉक क्षेत्र के गांव हुसैनपुरा में खेत की मेड को लेकर दो पक्षों के बीच तनाव गहरा गया है। गांव निवासी लाखन सिंह ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर गंभीर आरोप लगाए हैं।

जानकारी के अनुसार लाखन सिंह का कहना है कि पड़ोसियों ने उसकी खेत की मेड काट दी। जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपित दबंग प्रवृत्ति के लोग एकजुट होकर उसके खेत पर आ गए और गाली-गलौज करने लगे। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों के पास लाठी-डंडे, कुल्हाड़ी और कट्टा तक मौजूद थे। स्थिति बिगड़ने पर लाखन सिंह ने तत्काल 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। इसी दौरान आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया है। पीड़ित ने थाना पुलिस से सुरक्षा और कार्रवाई की मांग की है।

# जरार पिटाई मामले में पुलिस ने घायलों का कराया मेडीकल

एनएनआई

**बाह।** जरार में बारात चढ़ाई के दौरान शनिवार की रात थार की टक्कर से बाइक सवार सोनू के चुटैल होने पर हुई मारपीट से भगदड़ मच गई थी। दोनों पक्षों में हुई मारपीट के दौरान तोड़ फोड़ कर बाइक क्षतिग्रस्त कर दी। मारपीट में सोनू समेत कई युवक चुटैल हुए हैं। जरार के क्रांती नगर की शालिनी एवं सुशांकी की बारात फिरोजाबाद जिले के सैलई नरायन नगर एवं जाखई नारखी से आई थी। शनिवार आधी रात को जरार चौराहे से दोनों की बारात की चढ़ाई हो रही थी। चढ़ाई के रास्ते पर माथुर वैश्य धर्मशाला में पार्वतीपुरा की बारात ठहरी हुई थी। क्रांती नगर के गौरव ने पुलिस को बताया कि चढ़ाई में एक बाराती आंबेडकर की तस्वीर लेकर चल रहा था, आरोप है कि थार सवार दूसरी बारात के सवर्ण लोगों ने तस्वीर पर भद्दे कमेंट किए। जिसका विरोध करने पर दोनों पक्षों में मारपीट हो गई थी।

वहीं दूसरे पक्ष ने शराब के नशे में गाली गलौज का विरोध किए जाने पर मारपीट और तोड़ फोड़ करने का आरोप लगाया है। मारपीट के दौरान भगदड़ मच गई थी। पुलिस के पहुंचने से पहले संभ्रांतजनों से मामला शांत करा दिया था। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक बाह सत्यदेव शर्मा ने बताया कि शराब के नशे में दोनों पक्षों के युवकों में मारपीट हुई थी। दोनों पक्षों के घायलों का मेडीकल कराया है। तहरीर एवं मेडीकल रिपोर्ट के आधार पर जांच के बाद एफआईआर दर्ज की जाएगी। प्रतिमा को लेकर विवाद की बात को उन्होंने सिरे से खारिज कर दिया।



## जरार में रात भर धधकी किराने की दुकान

**बाह एनएनआई।** जरार में रविवार रात भर राकेश गुप्ता की किराने की दुकान धधकती रही। सोमवार की सुबह टहलने निकले लोगों ने दुकान से धुंआ उठने पर राकेश गुप्ता को आग लगने की सूचना दी। मौके पर पहुंचे राकेश गुप्ता आग बुझाने में जुट गये। बाह से पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने करीब एक घंटे में आग पर काबू पाया, तब तक दुकान में रखा करीब 2 लाख रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया। दुकान में बिजली फिटिंग नहीं हैं, आग कैसे लगी। यह स्पष्ट नहीं हो सका है। जरार के प्रगतिशील समाजसेवी उमेश सिसोदिया ने प्रशासन से नुकसान का आंकलन कर प्रभावित दुकानदार को मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।



# बीएलओ और बीएलए के बीच हुई समन्वय बैठक

एनएनआई

**बाह।** विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के लिए नियुक्त किए गए बीएलओ और बीएलए के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए सोमवार को बटेश्वर के अटल संकुल भवन में एसडीएम बाह संतोष कुमार शुक्ला ने बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने राजनैतिक दलों के बीएलए का आहवान किया कि गांवों में बीएलओ के सहयोग के साथ ही ग्रामीणों को एसआईआर को लेकर जागरुक करें। तभी अभियान समय पर संपन्न हो सकेगा। बीएलओ को भी काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। चेतावनी दी कि शिथिलता और लापरवाही सहन नहीं की जाएगी।

बैठक में तहसीलदार संपूर्ण कुलश्रेष्ठ, नायब तहसीलदार दयाचंद पौरुष, सुधीर गिरी, आपूर्ति निरीक्षक अभिषेक कुमार, सत्यप्रकाश मौर्य, हरीशंकर राजपूत, मुकेश कुमार, राजीव त्रिपाठी, अनेक सिंह, कमलेश कुमार, आनंद कुमार आदि मौजूद रहे।

# प्रधानाचार्य पर छात्र को परीक्षा में बैठने से रोकने का आरोप

- जिलाधिकारी आगरा से की लिखित शिकायत

एनएनआई

**पिनाहट।** पिनाहट क्षेत्र के करकौली स्तिथि स्वामी शांतानंद विद्यापीठ इंटर कॉलेज में छात्रा से अधिक पीस वसूली का आरोप लगाते हुए। थाना मनसुखपुरा निवासी महिला नीरज देवी ने जिला अधिकारी व जिला शिक्षा अधिकारी को लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए अवगत कराया उनका पुत्र यशवर्धन कक्षा 9 का छात्र है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने 6 सितंबर तक की 150 फीस जमा कराई थी। फीस जमा होने के बावजूद भी प्रधानाचार्य उनके पुत्र को परीक्षा में नहीं बैठने दे रहा है। और 510 रुपए की माग करते की जा रही है। जब बच्चा परीक्षा देने के लिए विद्यालय पहुंचा तो बच्चों को परीक्षा से रोक दिया गया।

बच्चा रोते हुए। अपने घर पहुंचा और अपनी मां नीरज देवी से परीक्षा देने से मना कर और विद्यालय से भागने की बात कही। नीरज देवी ने सोमवार को जिला अधिकारी आगरा ब जिला शिक्षा अधिकारी के यहां विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए शिकायत की है और जांच करते हुए कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# द फन ट्री प्ले स्कूल ने मनाया स्थापना दिवस

एनएनआई

**आगरा।** शमसाबाद रोड स्थित द फन ट्री प्ले स्कूल में तीसरा स्थापना दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सोनल वडोला सचिव कला संस्कृति (पंचवटी आगरा) ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बच्चों ने विभिन्न भेष भूषा में अलंकृत हो सुंदर प्रस्तुतियां दी। स्कूल की प्रबंधक सुनीता निगम और सुचिता गुप्ता ने बताया की विद्यालय में बालक और बालिकाओं की शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक मानसिक विकास तो किया ही जाता है साथ ही उनका नैतिक मूल्यों से भी परिचय कराया जाता है। साप्रबंधक अमनदीप कौर ने वार्षिक कार्यक्रम की रूपरेखा भी प्रस्तुत की। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा विद्या के साथ बालक बालिकाओं का नैतिक विकास की अत्यंत आवश्यक है। इस कार्यक्रम में अभिवावक आदि लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम में स्वागत सुनीता निगम ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन सुचिता गुप्ता ने दिया।



## संपादकीय

# कांग्रेस और सहयोगी दलों में बढ़ता अविश्वास

लोकसभा चुनाव के बाद से ही यह सवाल घूम रहा है कि अब विपक्षी गठबंधन इंडिया गठबंधन बचा है या खत्म हो गया। कई नेताओं ने कहा कि गठबंधन सिर्फ लोकसभा चुनाव के लिए था। अब राज्यों में अलग अलग गठबंधन है और राष्ट्रीय स्तर के गठबंधन की बात फिर लोकसभा चुनाव से पहले होगी। इंडिया ब्लॉक को लेकर नए सिरे से चर्चा शुरू हो गई है। अब राज्यों का गठबंधन भी कितना एकजुट है यह बड़ा सवाल है। राज्यों में प्रादेशिक पार्टियों और कांग्रेस के बीच अविश्वास बढ़ गया है।कांग्रेस पार्टी और प्रादेशिक सहयोगियों के बीच शह मात का खेल चल रहा है। मजाक चल रहा है कि बिहार में तेजस्वी यादव को निपटाने के बाद कांग्रेस का अगला मोर्चा उत्तर प्रदेश है। हो सकता है कि यह एक मनोवैज्ञानिक खेल है, जिसका मकसद कांग्रेस को अलग थलग करना हो लेकिन धारणा के स्तर पर यह प्रचारित किया जा रहा है कि राहुल गांधी को प्रादेशिक पार्टियां पसंद नहीं हैं और वे उन सबको खत्म करके पूरे देश में भाजपा बनाम कांग्रेस की लड़ाई बनाना चाहते हैं। इस लड़ाई का चैंपियन पहले से राहुल को बनाया जा रहा है। यह धारणा स्थापित कर दी गई है कि भाजपा के खिलाफ सिर्फ कांग्रेस और राहुल गांधी ही लड़ सकते हैं। हो सकता है कि कांग्रेस प्रादेशिक पार्टियों को निपटाने के आरोप सही नहीं हों लेकिन पार्टिया संशकित हैं। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राष्ट्रीय जनता दल के साथ कांग्रेस के नेताओं का जैसा रवैया था उससे पार्टियां असहज हैं। तभी भाजपा के नेता उनके बीच और फूट बढ़ाने के दांव चल रहे हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस का एक और बड़ा विभाजन होगा। हो सकता है कि वह माइंड गेम हो लेकिन कांग्रेस अलर्ट है और प्रादेशिक पार्टियां उस पर नजर रखे हुए हैं। बिहार भाजपा के नेता अजय आलोक ने हेमंत सोरेन को लेकर एक सोशल मीडिया पोस्ट डाली, जिसमें उन्होंने हेमंत जीवंत होंगे।हेमंत सोरेन की पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि हेमंत जीवंत हैं और भाजपा का अंत होगा। यह तय है कि हेमंत सोरेन अब कभी भी भाजपा के साथ नहीं जाएंगे लेकिन यह भी सही है कि झारखंड में कांग्रेस और राजद के साथ जेएमएम की दूरी बढ़ी है। बिहार में कांग्रेस और राजद एक इंच पीछे हटने के तैयार नहीं थे। भले उन्होंने पूरा चुनाव गंवा दिया। चुनाव की घोषणा से पहले हेमंत पटना में कांग्रेस की रैली में शामिल हुए और बाद में सीट बंटवारे पर बातचीत के लिए अपने नेताओं को भेजा। लेकिन राजद और कांग्रेस दो सीट भी छोड़ने को तैयार नहीं हुए।इसके बाद जेएमएम ने चुनाव लडने. का ऐलान कर दिया। हालांकि बाद में हेमंत सोरेन ने बड़ा दिल दिखाया और पीछे हट गए। शायद उनको नतीजों का अंदाजा था। तभी वे पीछे हटे क्योंकि उनकी पार्टी लड़ती तो महागठबंधन की हार का कुछ जिम्मेदार उनको भी बताया जाता। अब उनकी पार्टी झारखंड में संबंधों की समीक्षा कर रही है। बिहार के बाद उत्तर प्रदेश में सपा बनाम कांग्रेस का माहौल अभी से बनने लगा है, जबकि चुनाव डेढ़ साल के बाद हैं। कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कुछ समय पहले कहा था कि कांग्रेस अब 17 सीट वाली पार्टी नहीं है। ध्यान रहे लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 17 सीटें मिली थीं, जिसमें से वह छह सीटों पर जीती, जबकि 63 सीटें लड़ कर सपा ने 37 सीटें जीत लीं। अब सहारनपुर के सांसद इमरान समूद ने अखिलेश यादव पर टिप्पणी की है। उनसे पूछा गया कि अखिलेश के राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी गठबंधन को लीड करने की चर्चा है तो मसूद ने कहा कि पहले वे उत्तर प्रदेश तो लीड कर लें। इसके बाद उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के आगे कोई नहीं है। इसके जवाब में सपा ने कहा कि अगर उनका समर्थन नहीं मिलता तो मसूद कभी लोकसभा का मुंह नहीं देख पाते। उधर महाराष्ट्र में कांग्रेस स्थानीय निकाय चुनाव में उद्धव ठाकरे की शिव सेना से अलग लड़ने की तैयारी कर रही है। कांग्रेस को इस पर आपत्ति है कि उद्धव ने राज ठाकरे से क्यों तालमेल किया है। उद्धव ठाकरे कांग्रेस को मनाने की कोशिश में हैं। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस को गठबंधन में ही रहना चाहिए और अकेले लड़ने से कुछ हासिल नहीं होगा। लेकिन कांग्रेस अकेले लड़ने की तैयारी कर रही है।अगले साल जिन राज्यों में विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं। उनमें केरल में कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट, यूडीएफ है तो तमिलनाडु में डीएमके के नेतृत्व वाला सेकुलर प्रोग्रेसिव अलायंस यानी एसपीए है। इसमें भी तमिलनाडु में कांग्रेस ज्यादा सीट की मांग कर रही है। वह पिछली बार 25 सीटों पर लड़ी थी लेकिन लोकसभा चुनाव में अपने कोटे की सभी नौ सीटें जीतने के बाद कांग्रेस के नेता ज्यादा सीटों की मांग कर रहे हैं। बाकी दो राज्यों पश्चिम बंगाल और असम में तालमेल बनता नहीं दिख रहा है। असम में कांग्रेस सात छोटी पार्टियों से तालमेल कर रही है लेकिन दो बड़ी और पुरानी सहयोगी पार्टियां एआईयूडीएफ और बीपीएफ अलग हो गए हैं। बंगाल में ममता बनर्जी तालमेल के लिए तैयार नहीं हैं। अगर बंगाल में लेफ्ट के साथ तालमेल किया तो केरल में वही हाल होगा, जो पिछले चुनाव में हुआ था।



## पांच वर्षों की अविराम साधना से खड़ा हुआ

# सनातन का शिखर

### 1400 करोड़ की लागत से बना रामलला का आशियाना

**पांच साल की निरंतर तपस्या, तकनीक और श्रम-साधना के बाद लगभग 1400 करोड़ रुपये की लागत से भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर पूर्णता को प्राप्त कर चुका है। राम मंदिर के शिखर पर मंगलवार को पीएम नरेंद्र मोदी केसरिया धर्म ध्वज फहराया।**



मंदिर निर्माण की यात्रा आसान नहीं रही। भूमि पूजन पांच अगस्त 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही किया था और उस शुभ क्षण से लेकर आज तक निर्माण एक भी दिन नहीं रुका।

बारिश, ठंड, कोरोना महामारी और तकनीकी चुनौतियांङ्क सब आईं, पर न अविरल श्रम रुका, न ही विश्वास डिगा। निर्माण के दौरान कई बार धरातलीय बाधाएं सामने आईं। मंदिर की नींव के लिए जब प्रारंभिक टेस्ट पाइलिंग की गई, तो वह तकनीकी रूप से विफल सिद्ध हुई।

इंजीनियरों ने पाइलिंग किए गए खंभों पर जब भूकंप जैसे झटके दिए तो खंभों में दरार आ गई। इसके चलते इंजीनियरों को पूरी नींव की डिजाइन फिर से बनानी पड़ी। इसमें छह महीने लग गए। नई नींव में आरसीसी (रोलर कंपैक्ट कंक्रीट) का उपयोग किया गया। नींव इस तरह तैयार की गई है कि यह हजारों वर्षों तक बिना क्षति के टिक सके।

खोदाई के दौरान गहराई में मिली पुरातात्विक परतें, पत्थर संरचना के लिए उच्च गुणवत्ता वाले शिलाखंडों की उपलब्धता...लेकिन हर चुनौती का समाधान अदम्य संकल्प के साथ निकला। भूमि पूजन के बाद शुरू हुए कार्य में देशभर के चार हजार से अधिक शिल्पियों, इंजीनियरों, कारीगरों और श्रमिकों ने योगदान दिया।



दिन-रात मंदिर परिसर में चल रही हलचल, यंत्रों की गूंज और मंत्रोच्चारों की पवित्र ध्वनि ने निर्माण को साधना में बदल दिया। कोरोना काल में भी, जब दुनिया थम गई थी, श्रीराम मंदिर का कार्य केवल नियमों के अनुरूप सीमित हुआ, रुका नहीं।

**तकनीक और परंपरा का अनूठा संगम**

मंदिर निर्माण में देश की कई विशेषज्ञ एजेंसियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आईआईटी चेन्नई, आईआईटी रुड़की, आईआईटी मुंबई, इसरो, इंडिया इंजीनियर्स लिमिटेड के विशेषज्ञों से लेकर टाटा और एलएंडटी जैसी अग्रणी निर्माण कंपनियों की मंदिर निर्माण में सहभागिता रही। तकनीकी दलों ने मंदिर को भूकंपरोधी बनाने, दीघार्यु सुनिश्चित करने और शिल्प की मौलिकता बनाए रखने में सहयोग दिया।

**तकनीकी विशेषताएं और निर्माण शैली**

मंदिर नागर शैली में बना है, जो प्राचीन भारतीय वास्तुकला की उत्कृष्ट मिसाल है। इसका निर्माण बिना लोहे और स्टील के बिना किया गया है, ताकि संरचना की आयु लंबी रहे। मंदिर की कुल लंबाई 360 फीट, चौड़ाई 235 फीट और ऊंचाई 161 फीट है। इसमें 5 मंडप, 3 तल, और 392 खंभे हैं। प्रत्येक खंभे पर देव प्रतिमाओं की नक्काशी की गई है।

## राम मंदिर निर्माण के प्रमुख पड़ाव

- नौ नवंबर 2019 को सुप्रीम कोर्ट से राम मंदिर के हक में फैसला
- 25 मार्च 2020 की सुबह टेंट से अस्थायी मंदिर में विराजे रामलला
- पांच अगस्त 2020 को पीएम नरेंद्र मोदी के हाथों भूमि पूजन
- 22 जनवरी 2024 को भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा
- 14 अप्रैल 2025 को मुख्य शिखर पर कलश की स्थापना
- पांच जून 2025 को प्रथम तल पर राम दरबार की स्थापना



## धर्मेंद्र की याद में खोए बिग बी



अमिताभ बच्चन ने अपने पोस्ट में लिखा– 'एक और बहादुर दिग्गज हमें छोड़कर चला गया है .. मंच छोड़ गया .. एक असहनीय खामोशी छोड़ गए धरम जी। महानता का प्रतीक, न केवल अपनी प्रसिद्ध शारीरिक उपस्थिति के लिए, बल्कि अपने दिल की विशालता और इसकी सबसे प्यारी सादगी के लिए भी...। वह अपने साथ पंजाब के उस गांव की मिट्टी को लेकर आए थे जहां से वह आए थे और अपने शानदार करियर के दौरान अपने स्वभाव के प्रति सच्चे रहे, एक ऐसी बिरादरी में जिसने हर दशक में बदलाव देखा। बिरादरी में बदलाव हुए, न कि वह, उनकी मुस्कुराहट, उनका आकर्षण और उनकी गर्मजोशी, जो उनके आसपास आने वाले सभी लोगों तक फैली, पेशे में एक दुर्लभता। हमारे चारों ओर की हवा खाली है, एक शून्य जो हमेशा खाली रहेगा।

## पहली फिल्म के लिए धर्मेंद्र को मिले थे मात्र 51 रुपये

### 'ही-मैन' ने साइनिंग अमाउंट किया था खर्च

पूरी फिल्म इंडस्ट्री लेजेंडरी एक्टर धर्मेंद्र के जाने से दुखी है, जिनका सोमवार सुबह 89 साल की उम्र में जुहू में उनके घर पर निधन हो गया। एक्टर अपने पीछे न सिर्फ यादगार फिल्में छोड़ गए, बल्कि इंडस्ट्री में अपने शुरुआती सालों की अनगिनत दिल को छू लेने वाली कहानियां भी छोड़ गए। ऐसा ही एक पल सलमान खान के गेम शो '10 का दम' से वायरल हुए वीडियो में देखने को मिला, जहां उन्होंने खुलकर बताया कि उन्होंने अपनी पहली फिल्म के लिए कितना कमाया और उसे कैसे खर्च किया।

### धर्मेंद्र की पहली कमाई

वह इस एपिसोड में अपने बड़े बेटे सनी देओल के साथ आए थे। गेम शो में 1 लाख जीतने के बाद सलमान ने धर्मेंद्र से पूछा कि जब वह एक्टर बनने के अपने सपने को पूरा करने के लिए पंजाब से मुंबई आए थे तो उनके लिए उस रकम का क्या मतलब था। धर्मेंद्र ने तुरंत जवाब दिया, 'उस समय लाख रुपये... हे भगवान।' फिर सलमान ने उनसे उनकी पहली फिल्म की सैलरी के बारे में पूछा। धर्मेंद्र ने मुस्कुराते हुए याद किया, '3,500झ्र7,000 ऐसा था कुछड्ड पर उससे पहले एक और फिल्म मिली थी, अर्जुन हिंगोरानी की। तीन पार्टनर थे और मैं केबिन के किनारे बैठा था सोच रहा था कि मुझे कम से कम 5,000 मिलेंगे, लेकिन उन्होंने साइनिंग अमाउंट के तौर पर सिर्फ 51 दिए।'

### धर्मेंद्र ने कैसे खर्च की थी अपनी पहली कमाई

धर्मेंद्र ने बताया कि उन्होंने 51 रुपये से शराब खरीदी ताकि वह अपने दोस्तों के साथ सेलिब्रेट कर सकें। याद करते हुए हंसते हुए उन्होंने कहा, 'जब हमने अपना पहला पैग लिया तो मैंने गिलास को रूमाल से पकड़ा ताकि उस पर मेरे फिंगरप्रिंट न लगें। मुझे लगा कि अगर पुलिस ने मुझे पकड़ लिया तो मेरा करियर खत्म हो जाएगा।' फिर एक्टर ने मजाक में कहा, 'तीसरे पैग तक, मैंने रूमाल छोड़ दिया।'

### धर्मेंद्र को कैसे मिला ही-मैन का टाइटल

अगले कई सालों में धर्मेंद्र ने कई हिट और ब्लॉकबस्टर फिल्में दीं। 'सीता और गीता', 'शोले' और 'यादों की बारात' जैसी फिल्मों ने न सिर्फ उनकी वर्सेटिलिटी दिखाई, बल्कि अपने समय के सबसे भरोसेमंद एक्टर्स में से एक के तौर पर उन्हें पहचान दिलाई। 1970 के दशक में अपना स्टारडम बनाए रखने के बाद धर्मेंद्र ने 1980 के दशक में आसानी से एक्शन जॉनर में कदम रखा। उनकी एक्टिंग ने उन्हें इंडिया के ही–मैन का आइकॉनिक टाइटल दिलाया।




## जब छिपकर दिलीप कुमार के घर में घुस गए थे धर्मेंद्र

### सिक्योरिटी गार्ड को दिया था चकमा

फिल्मफेयर टैलेंट कॉन्टेस्ट जीतकर फिल्मी दुनिया में कदम रखने से बहुत पहले धर्मेंद्र बॉम्बे आए थे, जब बिना इजाजत वह अपने आइडल दिलीप कुमार के घर में घुस गए थे। वे अंदर गए और सीधे उनके बेडरूम तक पहुंचे, लेकिन जब एक्टर उठे तो उन्होंने देखा कि उनके घर में एक अजनबी है तो वे डर के भाग गए। धर्मेंद्र, इंडियन सिनेमा में 65 साल का करियर बनाने वाले आइकॉनिक स्टार, जिन्होंने 300 से ज्यादा फिल्में कीं। धर्मेंद्र आज हमारे बीच नहीं रहे उन्होंने सोमवार, 24 नवंबर को मुंबई में 89 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया।



धर्मेंद्र ने दिलीप कुमार की ऑटोबायोग्राफी 'दिलीप कुमारः द सब्सटेंस एंड द शैडो' में इस किस्से को याद किया, जहां उन्होंने बताया कि बात साल 1952 की है जब वे लुधियाना में पढ़ाई कर रहे थे और किसी वजह से वह मुंबई आए थे। इस दौरान वह दिलीप कुमार से मिलना चाहते थे और वह उनके घर में घुस गए। दिलीप कुमार के घर के नीचे किसी सिक्योरिटी गार्ड को न देख कर वह सीधा घर के अंदर घुस गए, जहां दिलीप कुमार सो रहे थे। कमाल की बात यह थी कि किसी भी सिक्योरिटी गार्ड को तब तक इस बात का पता नहीं चला, जब तक दिलीप ने उन्हें इस बारे में जानकारी नहीं दी।

### ही-मैन को देख कैसा था दिलीप कुमार का हाल

धर्मेंद्र ने पूरा किस्सा बताते हुए लिखा, 'मुझे देखकर दिलीप कुमार उठकर बैठ गए और घूरने लगे। यह देखकर वे काफी हैरान रह गए कि उनके बेडरूम के दरवाजे पर एक अजनबी व्यक्ति खड़ा है, जहां तक ??मेरा सवाल है तो मैं अपनी आंखों पर विश्वास नहीं कर सका कि मेरे सामने दिलीप कुमार, मेरे आइडल थे। वे मुझे देखकर जोर से चिल्लाए और नौकर को आवाज लगाई। इसके बाद डर के मारे मैं सीढ़ियों से नीचे भागा और घर से बाहर निकल गया।' एक्टर ने कहा कि इसके बाद वह कई बार दिलीप से मिले। हमेशा दिलीप ही उनके पास आए और उनका हाथ पकड़ा क्योंकि उन्होंने कभी भी उनके बराबर जाने की आजादी नहीं ली। धर्मेंद्र ने कहा, 'मैं उनसे (दिलीप) महीनों तक नहीं मिल सकता, लेकिन मैं हर दिन उनके बारे में सोचता हूं क्योंकि उनकी एकमात्र तस्वीर है जो मैंने अपने घर में अपने माता–पिता और बेटों की तस्वीरों के अलावा रखी है।'



# साउथ अफ्रीका की बढ़त 470 पार, स्कोर 183/4




भारत और साउथ अफ्रीका के बीच दूसरा टेस्ट गुवाहाटी में खेला जा रहा है। चौथे दिन का दूसरा सेशन जारी है। साउथ अफ्रीका ने अपनी दूसरी पारी में 4 विकेट के नुकसान पर 183 रन बना लिए हैं और टीम 466 रन से आगे है। ट्रिस्टन स्टब्स और वियान मुल्डर क्रीज पर हैं। साउथ अफ्रीका का चौथा विकेट भी रवींद्र जडेजा ने लिया। उन्होंने टोनी डी जॉर्जी (49) को छह किया। इससे पहले, जडेजा ने ऐडन मार्करम (29) और रायन रिकेल्टन (35) को आउट किया था। टेम्बा बावुमा को वॉशिंगटन सुंदर ने नीतीश रेड्डी के हाथों कैच कराया। बरसापारा स्टेडियम में मुकाबले के तीसरे दिन भारत 201 रन पर ही ऑलआउट हो गया। साउथ अफ्रीका ने पहली पारी में 489 रन बनाए थे।

# टीम इंडिया दबाव में!

## गुवाहाटी में बल्लेबाजी फेल होने पर हुई गंभीर की आलोचना, फैंस ने ग्रेग चैपल से तुलना की



गुवाहाटी। भारतीय क्रिकेट टीम के कोच गौतम गंभीर एक बार फिर विवादों के केंद्र में हैं। गुवाहाटी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट की पहली पारी में भारतीय टीम की शर्मनाक बल्लेबाजी ने गंभीर की रणनीतियों और टीम कॉम्बिनेशन पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। कई फैंस और एक्सपर्ट गंभीर की तुलना पूर्व कोच ग्रेग चैपल से कर रहे हैं, जिनके कार्यकाल को भारतीय क्रिकेट का सबसे कठिन दौर माना जाता है।

### गुवाहाटी टेस्टः उम्मीदों का पतन

बारसापारा स्टेडियम में भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 489 रन के बड़े अंतर से पिछड़ते हुए जवाब देना था, लेकिन पूरी टीम मात्र 201 पर ढेर हो गई। टीम की शुरूआत संतुलित थी और स्कोरबोर्ड 95/1 दिखा रहा था, लेकिन इसके बाद भारतीय बल्लेबाज ध्वस्त होते चले गए। सिर्फ यशस्वी जायसवाल (58) और वॉशिंगटन सुंदर (48) क्रीज पर टिक पाए। दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों साइमन हार्मर (3/64) और मार्को यानसेन (6/48) ने भारतीय बल्लेबाजी की कमजोरियों को बेनकाब कर दिया। केएल राहुल (22), ऋषभ पंत (7), और रवींद्र जडेजा (6) जैसे सीनियर खिलाड़ियों ने निराश किया।

### गंभीर की रणनीति पर सवाल

टीम इंडिया के लगातार बदलते बैटिंग ऑर्डर, अनियंत्रित रोटेशन और पिच आधारित रणनीति ने फैंस को नाराज कर दिया है। आलोचकों का आरोप है कि गंभीर खिलाड़ियों को उनके सही बल्लेबाजी स्थान पर टिकने ही नहीं देते। साल 2024 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 0-3 की व्हाइटवॉश हार के बाद यह स्थिति और खराब होती दिख रही है। गंभीर के कार्यकाल में भारत ने इस मैच से पहले 18 टेस्ट खेले हैं, जिसमें से सात जीते, नौ हारे और दो ड्रॉ रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खराब स्थिति भारत को एक और व्हाइटवॉश की तरफ ढकेल रही है। कोलकाता में हार के बाद टीम इंडिया दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 0-1 से पीछे है।

# मंगलवार, 25 नवम्बर राशिफल

मेष राशि से आज दसवें भाव में चंद्रमा का गोचर होना इनके करियर के लिए शुभ रहेगा। आपको आज नौकरी में सकारात्मक स्थिति का फायदा मिलेगा। आप आज किसी की सुनेंगे जो दिल में होगा वही करना पसंद करेंगे।

वृषभ राशि के जातकों के लिए आज मंगलवार का दिन लाभदायक रहेगा। भाग्य भाव में चंद्रमा का गोचर करना आपको अल्प परिश्रम से सफलता प्रदान करेगा। कारोबार में कमाई से आज आपका मन उत्साहित होगा। अधिकारी वर्ग से आपको आज प्रोत्साहन के साथ कोई नई जिम्मेदारी भी मिल सकती है।

मिथुन राशि के लोगों के लिए आज का दिन अप्रत्याशित लाभ दिलाने वाला रहेगा। किसी काम को लेकर आपको चिंता रहेगी लेकिन आपका काम बहुत ही आसानी से पूरा हो सकता है,धैर्य से काम लें। आपको आज परिवार से सपोर्ट भी प्राप्त होगा।

कर्क राशि के लिए आज का सितारे बताते हें कि आपकी कोई बड़ी चाहत आज पूरी होगी। आपके रुके हुए काम भी आज पूर्ण होंगे। लेकिन आपको आज परिवार में किसी बात को छुपाने से बचना होगा नहीं तो आपस में मतभेद हो सकता है।

सिंह राशि के जातको के लिए आज मंगलवार का दिन मिलाजुला रहेगा। आपको अपने काम पर फोकस करना चाहिए विरोधी आपके काम में बाधा डालने का प्रयास कर सकते हैं। किसी अनजान व्यक्ति पर आज भरोसा करने से बचना होगा नहीं तो नुकसान हो सकता है।

कन्या राशि के लिए आज सितार बताते हैं कि आपका दिन आज रोमांटिक बीतेगा। कारोबार व्यापार में आज आपको बड़ा लाभ मिल सकता है। आपका फंसा हुआ धन भी आज मिलने का योग बना हुआ है। लव लाइफ में आज आपके प्रेम और तालमेल बना रहेगा।

तुला राशि के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा। किसी बात को लेकर आपका मन विचलित और आशंत हो सकता है। वैसे आज कार्य व्यवसाय की स्थिति अच्छी रहेगी। आज ससुराल पक्ष से आपको लाभ और सम्मान मिल सकता है।

वृश्चिक राशि के जातको के लिए आज सितारे बताते हैं कि आपको आज सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। आप आज अपनी कार्यकुशलता और आत्मविश्वास से करियर में उन्नति पाएंगे। वैवाहिक जीवन में आज जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करना होगा नहीं तो आपस में मतभेद और कहासुनी हो सकती है।

धनु राशि के लिए आज सितारे बताते हं, आज आपका रुका हुआ पैसा मिल सकता है। कार्य व्यवसाय में आज दिन अनुकूल रहेगा रहेगी। व्यवसाय में लापरवाही न करें, अन्यथा जिस कार्य से लाभ की उम्मीद कर रहे हैं, वह फंस सकता है।

मकर राशि में आज चंद्रमा का गोचर हो रहा है। सामाजिक क्षेत्र में मान-सम्मान मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारियों से सहयोग मिलेगा। सही समय पर अपना काम पूरा कर पाएंगे। आज दोपहर बाद आपके घर किसी मेहमान का आगमन हो सकता है।

कुंभ राशि के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा। कार्य व्यावसाय में आपको आज लाभ मिलेगा। किसी सामाजिक क्षेत्र के काम में भाग लेने से आपका सम्मान बढेगा। पिता के मार्गदर्शन से हर क्षेत्र में लाभ होगा और भाई बहनों के सहयोग से आपका जरूरी काम पूरा हो सकता है।

मीन राशि क लिए आज सितारे बतात हैं कि, कारोबार व्यापार में आपको लाभ के कई मौके मिलेंगे। किसी प्रतियोगिता की तैयारी कर रहे छात्रों को आज कोई अच्छी खबर सुनने को मिल सकती है। शाम का समय संतान संबंधी समस्या को सुलझाने में व्यतीत होगा।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# निधिवन की तर्ज पर दान घाटी में विराजेंगे गिर्राजजी

## 51 कुंतल के व्यंजन से सजेगा 16वां दिव्य छप्पन भोग महोत्सव



- 30 नवम्बर को गौमाता छप्पन भोग, 13 दिसम्बर को छप्पन भोग व 14 को भंडारे का होगा आयोजन

एनएनआई

**आगरा।** श्री राधारानी जी सेवा मण्डल परिवार की ओर से गिरिराज जी का 16वां दिव्य छप्पन भोग महोत्सव का भव्य दरबार 51 कुंतल व्यंजनों के छप्पन भोग के साथ विभिन्न फल और फूलों से अलंकृत किया जाएगा। गोवर्धन तलहटी में दान घाटी मंदिर के सामने श्री लक्ष्मी नारायण जी मंदिर को निधिवन की तर्ज पर सजाया जायेगा और हीरे, मोती, पन्ना व माणिक जड़ित पोशाक में ठाकुर जी विराजेंगे। सोमवार को जीवनी मंडी स्थित खाटूश्याम मंदिर पर संस्था के पदाधिकारियों ने महोत्सव के आमंत्रण पत्र का विमोचन कर श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया। संस्थापक गोविन्द सरन गर्ग ने बताया कि आगरा में 30 नवम्बर को फाउंडरी नगर स्थिक गौशाला में गौ माता छप्पन भोग व भजन-कीर्तन का आयोजन होगा। गौ माता के पूजन से दिव्य छप्पन भोग महोत्सव की शुरूआत की जाएगी।

संस्था से जुड़े संतोष मित्तल ने बताया कि गोवर्धन में 13 दिसम्बर को सुबह गोवर्धन पर्वत की दुग्धधार परिक्रमा में मेवा दूध वितरण, 101 साध्वियों को राशन का सामान व गर्म वस्त्र वितरण कर साध्वी सेवा की जाएगी और शाम को श्री लक्ष्मी नारायण जी मंदिर में गिरिराज जी महाराज के श्रृंगार दर्शन, भजन संध्या, छप्पन भोग और फूल बांग्ला सजाया जायेगा। 14 दिसम्बर को सुबह साधु संत की सेवा व भंडारा का आयोजन होगा। कार्यक्रम समन्वयक अविनाश राणा व विवेक वार्ष्णेय ने बताया कि कारीगरों द्वारा निधिवन रूप में भव्य फूल बंगला देशी विदेशी फूलों से सजाया जाएगा और जगमग रोशनी की सजावट कर छप्पन भोग सजाया जाएगा। 13 दिसंबर को आगरा से विभिन्न स्थानों लगभग 1100 श्रद्धालु बसों और निजी वाहनों से गोवर्धन के लिए रवाना होंगे। मुख्य आकर्षण के रूप में मयूर नृत्य, शिव तांडव और कृष्ण लीला की अलौकिक प्रस्तुति के दर्शन भक्तो को होंगे। इस अवसर पर प्रमोद मांगलिक, संजीव अग्रवाल, सुनील गुप्ता, हरिओम सिंघल, लाला सियाराम पवन कुमार, दीपक ढल, धीरज बंसल, रचित गोयल,आशीष वर्मा, राकेश अग्रवाल, गिर्राज किशोर अग्रवाल, आनंद मंगल, राहुल गर्ग, राकेश माहेश्वरी, अनिरुद्ध अग्रवाल, नीरज, नंदन, गगन, सौरभ आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# प्रदर्शनी की कृतियों ने किया अभिभूत



**आगरा (एनएनआई)।** राज्य ललित कला अकादमी उत्तरप्रदेश तथा डॉ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा के ललित कला संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कला आचार्य प्रदर्शनी का अवलोकन ललित कला अकादमी उत्तरप्रदेश के अध्यक्ष डॉ सुनील विश्वकर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर उद्घाटन मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर किया उनके साथ ललित कला संस्थान के निदेशक प्रोफे संजय चौधरी , बैकुंठी देवी कन्या महाविद्यालय की प्रोफे बिंदु अवस्थी तथा संस्थान के उप निदेशक व प्रदर्शनी के संयोजक डॉ मनोज कुमार थे, प्रदर्शनी की कृतियों को देखकर आए हुए सभी गणमान्य कलाकार तथा अकैडमी के अध्यक्ष अभिभूत हुए, तथा सभी कृतियों की प्रशंसा की, तथा डॉ सुनील विश्ववकर्मा ने अनोपचारिक रूप से प्रदर्शनी का समापन किया। प्रदर्शनी के संयोजक डॉ मनोज कुमार ने बताया कि यह प्रदर्शनी आगरा शहर तथा समस्त क्षेत्र वासियों के लिए मंगलवार को 11:00 से शाम 4:00 बजे को भी अवलोकनार्थ खुली रहेगी, ललित कला संस्थान के निदेशक प्रोफे संजय चौधरी जी ने सभी कलाकारों को बधाई दी है। इस अवसर पर डॉ अरविंद राजपूत, डॉ देवाशीष गांगुली, डॉ शार्दूल मिश्रा (प्रदर्शनी सहसंयोजक) डॉ शीतल शर्मा, डॉ ममता बंसल, देवेंद्र कुमार सिंह, दीपक कुलश्रेष्ठ, डॉ गणेश कुशवाह, राज्य ललित कला अकादमी की सदस्या डॉ आभा सिंह, संस्कार भारती के प्रांतीय महामंत्री श्री नंदनंदन गर्ग जी, श्री ओमस्वरूप जी, उपस्थित रहे। कुसुम, नीरज तथा लक्ष्मी ने सहयोग किया।

# जीवन को सार्थक बनाने का मार्ग है भक्ति

- महारानी बाग में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में आज भीष्म-कुंती की स्तुति संग नारद जी के पर्नजन्म और व्यास जी द्वारा श्रीमद्भागवत लिखने की कथा का हुआ वर्णन

एनएनआई





**आगरा।** पांडवों के सामने वाणों की शैया पर लेटे भीष्म ने भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य स्वरूप का स्मरण करते हुए उनकी स्तुति की कब श्रीकृष्ण ने धर्म, कर्तव्य और कृष्णानुग्रह का सारगर्भित संदेश दिया। इसी क्रम में महारानी कुंती द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की की गई अतुलनीय स्तुति ने भी श्रद्धालुओं को भक्तिरस से भर दिया। कुंती ने अपने वचनों में कृष्ण को ह्वसुदेवसुतं देवंह्व कहकर उनकी सर्वव्यापकता और करुणा का गुणगान किया। बोदला महारानी बाग में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में आज नारद मुनि के पूर्व जन्म की कथा का वर्णन करते हुए व्यास पीठ पर विराजमान भगवताचार्य दिनेश दीक्षित जी ने एक बालक से देवर्षि तक की यात्रा का वर्णन करते हुए बताया कि नारद जी पूर्वजन्म में एक दासीझपुत्र थे। जिन्होंने वर्षा-ऋतु में चातुर्मास्य कर रहे भक्तझमहात्माओं की सेवा करके आध्यात्मिक मार्ग प्राप्त किया। ईश्वरझस्मरण और सत्संग के प्रभाव से उनके हृदय में भक्ति जागी और मृत्यु के पश्चात उन्हें देवर्षि नारद का दिव्य रूप प्राप्त हुआ। श्रीमद्भागवत की रचना की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि देवर्षि नारद व्यास जी के आश्रम पहुँचे और उन्होंने व्यास जी से आत्मिक असंतोष का कारण पूछा। नारद जी ने समझाया कि भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं और भक्ति का वर्णन किए बिना ज्ञान अधूरा रहता है। भागवत कथा न केवल आध्यात्मिक दृष्टि दी देती है बल्कि भक्ति, विनम्रता और सत्संग जीवन को सार्थक बनाने वाले मार्ग हैं। इसी कारण मन में रिक्तता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से आयोजन समिति के डॉ. जीएस राणा, अनीता राणा, संयोजक डॉ. अरुण प्रताप सिंह, आज के परीक्षित सानिध्य कुमार व वैशाली, सिंह, चौधरी धर्मवीर सिंह, भूपेन्द्र सिंह परिहार, हेमन्त, लाल सिंह लोधी, रेनू सिंह, कृष्णा त्यागी, शैल परिहार, संध्या, दिनेश पाल, अरुण त्यागी, चौधरी पृथ्वी सिंह, संदीप परमार, सुनील बैरीवाल, डॉ. विपिन कुमार, महेशचंद आदि उपस्थित थे।

